दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 03 दिसम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 345 पेज -08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## एसआईआर अभियान में लगेगी संगठन पदाधिकारियों और एमएलसी की ड्यूटी

### बैठक में मिले निर्देश गंभीरता से करना होगा सभी को काम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा जोर-शोर से चली थी। वो अभियान अचानक बीच में धीमा पड़ गया। अभियान की कम स्पीड ने संगठन से लेकर सरकार के चेहरे पर चिंता के भाव ला दिये। भाजपा इस अभियान के जरिए ये संदेश देना चाहती है कि उसने वोट लिस्ट से बड़ी संख्या में वो वोट कटवाये हैं जो अवैध रूप से थे। लेकिन यहां पर उसके लिए चिंता का विषय ये हो गया है कि लोग फार्म तो ले रहे हैं लेकिन उन्हें लौटाने की गति बहुत धीमी है। इस धीमी गति में तेजी कैसे लाई जाये और संगठन से लेकर सरकार के जनप्रतिनिधियों को किस तरह से इस अभियान में जोड़ा जाये। इसको लेकर एक बैठक लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने की। बताया जाता है कि बैठक में मुख्य फोकस ही मतदाता सूची अभियान यानी एसआईआर रहा। सबसे खास बात इस बैठक की ये रही कि यहां पर विधायकों और संगठन पदाधिकारियों की जवाबदेही इस अभियान को लेकर तय करने पर बात हुई।

भाजपा ने अपने पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई। अपने कई जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में जिम्मेदारी दी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि मामला इसके बाद भी उतना मजबूत नहीं हुआ जितनी अपेक्षा भाजपा को थी। लखनऊ वाली बैठक में पहले तो यही बात हुई कि एसआईआर को लेकर जनता के बीच ये संदेश जाना चाहिए कि इस अभियान से मतदाता सूची को लेकर पारदर्शिता बढ़ेगी और फिर इस बैठक में बात जिम्मेदारी की आ गई। यहां पर ये कहा गया कि विधायकों और संगठन को अब इस अभियान को लेकर सीरियस होना पड़ेगा। अब हर एमएलसी को एक-एक जिला एसआईआर के लिए आवंटित किया जायेगा। संगठन के प्रदेश स्तरीय क्षेत्रीय और जिला पदाधिकारियों की भी ड्यूटी एसआईआर अभियान में लगाई जायेगी। ये सभी मिलकर इस बात को लेकर प्रयास करेंगे कि एसआईआर अभियान के प्रति लोग जागरूक हों। जो फार्म उन्हें दिये गये हैं वो उन फार्म को भरकर बीएलओ को वापस करें। जब ये जागरूकता आयेगी तो यह अभियान सार्थक होगा। लखनऊ वाली इस बैठक में एसआईआर अभियान से जुडे सभी पदाधिकारी मौजूद थे। ये भी कहा गया कि हमें ये प्रयास करना है कि लोग इसमें इंटरेस्ट लें क्योंकि वर्ष 2003 के बाद अब यह अभियान चल रहा है और इस अभियान से वोटर लिस्ट की पारदर्शिता बढ़ेगी। अभियान को लेकर अगर लोगों में कहीं भ्रम की स्थिति है तो उसे दूर किया जाये। लोग अपने वोट को लेकर जागरूक हों।

# 'पीएम नरेंद्र मोदी से हुई सांसद अतुल गर्ग फैमिली की यादगार मुलाकात'

## प्रधानमंत्री ने पौत्री 'अनहता' से पूछा नाम का मतलब तो उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिए मंगलवार का दिन बेहद यादगार रहा। 2 दिसम्बर की तारीख और मंगलवार का दिन उनके और उनके परिवार के लिए एक यादगार दिन रहा। ये मौका था जब सांसद अतुल गर्ग और उनके परिवार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुलाकात की। एक ऐसा पल जिसे लेकर सांसद ही नहीं उनके पुत्र, पुत्रवधुंए, बेटी, पौत्र, नाती-नातिन सभी बेहद उत्साहित थे। जब मुलाकात का पल आया तो सभी को ये एहसास हो गया कि आखिर क्यों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करोड़ों दिलों पर राज करते हैं। क्योंकि उनकी लोकप्रियता विश्वस्तरीय है। देश के प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के सांसद के परिजनों से इतने आत्मीय ढंग से मिले कि सभी के लिए ये पल यादगार बना। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से परिवार सहित मुलाकात के लिए आवेदन किया था। यह एक प्रक्रिया है जिसमें प्रधानमंत्री सांसदों और उनके परिवार से मिलते हैं। मंगलवार को जब ये पारिवारिक मुलाकात का समय प्रधानमंत्री कार्यालय से मिला तो ये इत्तेफाक था कि परिवार वाली मुलाकात में केवल अतुल गर्ग और उनका परिवार था।

### अधिकारियों ने किया था इंकार मगर प्रस्ताव हो गया स्वीकार

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपने परिवार के सदस्यों की जो सूची भेजी उसमें 13 लोगों के नाम थे। जिनमें स्वयं सांसद अतुल गर्ग, उनकी पत्नी सुधा गर्ग, उनके बेटे गौरव गर्ग, राघव गर्ग, पुत्र वधु सुजाता गर्ग, निकिता गर्ग, बेटी गरिमा गुप्ता, दामाद सुमित गुप्ता, पौत्र आर्यमन गर्ग, अद्वैत गर्ग, पौत्री वेदा गर्ग, पौत्री अनाहाता गर्ग, धेवता नचीकेता के नाम थो। बताते हैं कि 13 लोगों की जब लिस्ट गई तो पीएमओ के अधिकारियों ने इतनी संख्या देखकर एक बार तो मना कर दिया था। तर्क था कि इतने लोग नहीं मिल सकते। लेकिन ये एक संयोग रहा, एक बड़े दिल का परिचय रहा कि फिर प्रधानमंत्री सभी परिवार के लोगों से मिले और बेहद आत्मीय ढंग से मिले। 10.30 बजे पास बन गये और 11 बजकर 50 मिनट पर सभी की एन्ट्री हुई और 12 बजकर 25 मिनट पर मुलाकात हुई। लगभग 8 मिनट की मुलाकात में प्रधानमंत्री ने परिवार के पूरे सदस्यों से बात की।

### जब प्रधानमंत्री मोदी ने पौत्री अनहता से पूछ लिया क्या मतलब है तुम्हारे नाम का...



करंट क्राइम। एक ऐसी मुलाकात जिसमें देश के प्रधानमंत्री सामने हैं। सांसद अतुल गर्ग की सुपौत्री अनाहाता से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिले तो उन्होंने सबसे पहले नाम पूछा और फिर जब सांसद अतुल गर्ग की सुपौत्री अनाहाता से बात की तो कहा कि इतना कठिन नाम किसने रखा और फिर उनके नाम का मतलब पूछा। यहां पर अनाहाता ने अपने नाम का अर्थ बताया तब प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए कुछ कहा और फिर अनाहाता को चॉकलेट दी। ये पल अनाहाता के लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे।





**मुलाकात**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन पर गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उनसे मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। अतुल गर्ग ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु, यशस्वी जीवन और लंबी आयु की कामना की।

### जब प्रधानमंत्री ने छोटी पुत्रवधू से पूछी उनकी हॉबी

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद अतुल गर्ग के परिवार से मुलाकात की। यहां जब वो छोटी पुत्रवूध निकिता गर्गसे मिले तो उन्होंने निकिता से उनकी हॉबी पूछी। निकिता ने बताया कि वह ओल्ड फर्नीचर को उच्च तकनीक से पेंटिंग करती है। यह उसका शौक है। निकिता ने बताया कि लगभग 50 से 100 साल पुराने फर्नीचर को वह संवार कर आर्टपीस की शक्ल देतीं हैं। प्रधानमंत्री यह सुनकर प्रसन्न हुए।



### जब राघव गर्ग ने बताई दिल की बात और प्रधानमंत्री ने ले लिया बिल

करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग के पुत्र राघव गर्ग जब प्रधानंत्री से मिले तो प्रधानमंत्री ने उनसे बात की। इस दौरान राघव ने बताया कि वो एक ऐसे बिल पर काम कर रहा है जिसमें लोग अदालतों में झूठ बोलते हैं लेकिन लोगों को सजा नहीं होती। झूठ बोलने पर विदेशों में सजा है लेकिन ऐसा नहीं है। उसने रिसर्च की है और जब प्रधानमंत्री ने यह बात सुनी तो उन्होंने इस बिल में रूचि दिखाते हुए राघव गर्ग से इस बिल की कॉपी ले ली।

### जब सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आपका आशीर्वाद चल रहा है

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद सहज और आत्मीय भाव से मिल रहे थे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मिले तो उन्होंने पूछा कि और क्या चल रहा है। सांसद अतुल गर्ग ने भी सादर भाव के साथ कहा कि आपका आशीर्वाद चल रहा है।



## गाजियाबाद में एसआईआर अभियान की बड़ी तस्वीर आई सामने



# मोदीनगर विधानसभा टॉप पर, तो साहिबाबाद विधानसभा पीछे

## शहर, मुरादनगर, लोनी की स्थिति भी नहीं है ठीक ● 28.52 लाख फॉर्म वितरित, 3.30 लाख लोग अनुपस्थित मिले




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की ताजा रिपोर्ट (02 दिसंबर 2025, सुबह 10:02 बजे तक) ने जिले में मतदाता सूची की वास्तविक स्थिति को साफ-साफ सामने रख दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार अब तक गाजियाबाद में कुल 28,52,443 फॉर्म (99.56%) मतदाताओं तक पहुँचाए जा चुके हैं, जिनमें से 13,76,331 फॉर्म डिजिटाइज हुए हैं और 13,61,471 फॉर्म का सत्यापन बीएलओ द्वारा पूरा किया जा चुका है।सबसे अहम और चौंकाने वाली बात यह है कि जिले में 3,30,379 लोग अपने पते पर नहीं मिले, जबकि 3,08,895 लोग स्थायी रूप से कहीं और शिफ्ट हो चुके हैं।इसके अलावा 53,624 मृत व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची में पाए गए, जिन्हें हटाने की प्रक्रिया जारी है। यह आँकड़े बताते हैं कि रक्फ़ अभियान मतदाता सूची को फजीर्वाड़ा-मुक्त और पूरी तरह अद्यतन बनाने की दिशा में निर्णायक चरण में पहुँच चुका है।

| जिले की समग्र स्थिति | फॉर्म वितरण | डिजिटाइजेशन | बीएलओ सत्यापन | अनुपस्थित | स्थायी शिफ्ट | मृत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 28.52 लाख (99.56%) | 13.76 लाख (48.40%) | 13.61 लाख (47.97%) | 3,30,379 (11.64%) | 3,08,895 (10.88%) | 53,624 (1.88%) |

## मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विधानसभा-वार विशेष स्थिति

### 1. साहिबाबाद जिले की सबसे बड़ी चुनौती

साहिबाबाद में एसआईआर अभियान ने प्रशासन को सबसे ज्यादा मेहनत कराई है। घनी आबादी और तेज माइग्रेशन इस क्षेत्र को जिले का सबसे कठिन जोन बनाते हैं।

| 1,72,365 | 1,58,005 | 36% |
|---|---|---|
| लोग घर पर नहीं मिले | लोग स्थायी रूप से शिफ्ट | रही सत्यापन दर |

### 2. मोदीनगर — सबसे बेहतरीन प्रदर्शन

मोदीनगर की टीम ने सबसे मजबूत और धारदार प्रदर्शन दिखाया है। यहां की जनता ने एसआईआर अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

| 26,925 | 66.57% |
|---|---|
| अनुपस्थित | सत्यापन दर, जिले में नंबर 1 |



### 3. लोनी सबसे बड़ा माइग्रेशन जोन

यहाँ सबसे ज्यादा लोग अपने पुराने घरों से जा चुके हैं। लोनी में एसआईआर अभियान माइग्रेशन की असली तस्वीर दिखाता है।

| 37,405 | 60,843 |
|---|---|
| स्थायी रूप से शिफ्ट | लोग घर पर नहीं मिले |



### 4. मुरादनगर संतुलित और स्थिर प्रगति

न तो बहुत तेज, न धीमा। मुरादनगर प्रशासन के लिए मिड स्ट्रॉन्ग कैटेगरी में आता है। यहां की जनता ने एसआईआर अभियान में संतुलित और स्थिर योगदान दिया।

| 18,664 | 48,892 | 54.92% |
|---|---|---|
| अनुपलब्ध | स्थायी शिफ्ट | सत्यापन |

### 5. गाजियाबाद शहर पुरानी बस्तियों की चुनौतियां

घनी आबादी और पुरानी बस्तियों के कारण यहाँ चुनौतियाँ अधिक हैं। यह क्षेत्र मिड-टफ जोन है, जहाँ पुराने इलाके काम को धीमा करते हैं।

| 51,582 | 46,216 | 49% |
|---|---|---|
| अनुपलब्ध | स्थायी शिफ्ट | सत्यापन |

### निष्कर्ष : जिले में एसआईआर मिशन अंतिम चरण में

रिपोर्ट स्पष्ट संकेत दे रही है कि गाजियाबाद प्रशासन मतदाता सूची को पूरी तरह अपडेट करने में तेजी से आगे बढ़ रहा है। फर्जी नाम हटाने, डुप्लीकेट सुधारने और मृत/शिफ्ट हुए मतदाताओं के नामों को दुरुस्त करने का यह अभियान आगामी चुनावों की पारदर्शिता के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# संसद में बरपा हंगामा, भाजपा बोली- 'ये बिहार में हार का विलाप'




## लोकसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। लोकसभा में शीत सत्र का पहला दिन एसआईआर के मुद्दे पर हंगामे की भेंट चढ़ गया था। दूसरे दिन भी विपक्ष की नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस और कई विपक्षी सांसदों ने एसआईआर पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष नेता ने सभी को अस्वीकार कर दिया।

**संचार साथी एप को लेकर भड़का विपक्ष :** मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने के संचार विभाग के निदेशों पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, 'यह एक जासूसी ऐप है। नागरिकों को प्राइवेसी का अधिकार है। हर किसी को परिवार, दोस्तों को मैसेज भेजने की प्राइवेसी का अधिकार होना चाहिए। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं। संसद इसलिए काम नहीं कर रही है क्योंकि सरकार किसी भी चीज पर बात करने से मना कर रही है। विपक्ष पर इल्जाम लगाना बहुत आसान है। वे किसी भी चीज पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। एक स्वस्थ लोकतंत्र चर्चा की मांग करता है।'

**लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित :** विपक्षी नारेबाजी पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि पूरा देश देख रहा है कि किस तरह से सदन की कार्यवाही को बाधित किया जा रहा है। इसके बाद ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

**कांग्रेस सांसद का विवादित बयान :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बयान 'विपक्ष सदन को न चलने देने के बहाने ढूंढता है' पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, 'अरे तुम नालायक हो तो हम क्या करें, तुमको चलाना नहीं आता तो हम क्या करें? हम मुद्दा भी ना उठाएं?...हम सांसद हैं और लोगों की आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।'

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने रक्फ़ पर विपक्ष के विरोध पर कहा, 'ये रक्फ़ पर विरोध प्रदर्शन नहीं है ये बिहार में हार का विलाप दर्शन है। ये कांग्रेस का विलाप है और राजद तथा टीएमसी का विलाप है क्योंकि पहले बिहार को जीता है और अब बंगाल की बारी है तो बंगाल की जो बारी है उससे टीएमसी विचलित हैं। तमिलनाडु में डीएमके अपनी वास्तविकता और लोकप्रियता खो रहा है कांग्रेस पूरे देश में क्षेत्रीय पार्टियों से भी नीचे आ गई है। तो ये हताश लोगों का समूह बन गया है जो बहस नहीं नाटक करना चाहता है।'

### लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू

लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई, लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी रहा। जिसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

**संसद में कुत्ता लाने के विवाद पर राहुल गांधी की टिप्पणी :** कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी के कल संसद में कुत्ता लाने पर हुए विवाद के बाद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'मेरा मानना है कि आज कुत्ता ही मेन टॉपिक है। बेचारे कुत्ते ने क्या किया? क्या कुत्तों को यहाँ आने की इजाजत नहीं है? शायद पालतू जानवरों को यहां आने की इजाजत नहीं है। मुझे लगता है कि आजकल भारत इन्हीं चीजों पर चर्चा कर रहा है।'

**सरकार और विपक्षी दलों की दलीलें :** खबरों के मुताबिक विपक्षी दल स्पीकर से नियम 267 के तहत चर्चा करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार का कहना है कि और भी जरूरी मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू का कहना है कि एक मुद्दे के आगे देश के बाकी मुद्दों की अनदेखी करना गलत है। दूसरी तरफ राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई जारी रहेगी।

**पहले तीन घंटे बर्बाद होने के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू :** सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्यवाही के बाद पहले तीन घंटे लगभग हंगामे की भेंट चढ़ गए। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन विपक्षी खेमे की तरफ से हंगामा जारी रहा। शोरगुल न थमता देख लोकसभा के पीठासीन सभापति ने कार्यवाही तीन दिसंबर, पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

---

# सीएसई रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा
## सात साल से जहरीली है दिल्ली-एनसीआर की सर्द हवा




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर की हवा हर साल सर्दियों में जहरीली हो जाती है। इस साल भी हालात अलग नहीं हैं। पिछले सात वर्षों (2019-2025) के आंकड़े साफ बताते हैं कि सर्दियों में पीएम 2.5 का स्तर लगातार खतरनाक बना है। ऐसे में अक्तूबर-नवंबर के दौरान पीएम 2.5 का औसत 140 से 180 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) के सुरक्षित मानक 2.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कई गुना अधिक है। कई बार 700-800 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर जो कि चरम स्तर तक पहुंच जाता है। इसका खुलासा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की नई रिपोर्ट ने किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2019 से 2025 तक सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर का पीएम 2.5 स्तर लगातार खतरनाक बना है, जिसमें कोई खास सुधार नहीं दिखा है। 2019 में जहां औसत पीएम 2.5 का स्तर 162 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था और चरम स्तर 725 तक पहुंचा। 2020 में औसत बढ़कर 175.5 और चरम 733 रहा। 2021 में औसत 159.1 और चरम 776 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकॉर्ड हुआ। 2022 में हल्की गिरावट के साथ औसत 140.9 और चरम 406 रहा, लेकिन इसके बाद स्तर फिर बढ़ गया। 2023 में औसत 170.3 और चरम 580, 2024 में औसत 180.2 और चरम 732 दर्ज किया गया। इस साल यानी अक्तूबर-मध्य नवंबर में औसत 164.1 और चरम स्तर 464 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

22 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर 59 दिनों में से 30 से ज्यादा दिनों में आठ घंटे का मानक टूटा। द्वारका सेक्टर-8 सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां 55 दिन सीओ का स्तर ऊंचा रहा। उसके बाद जहांगीरपुरी और नॉर्थ कैंपस रहा।

इस वर्ष मानसून में बाढ़ के कारण पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं काफी कम हुई हैं। शुरूआती सर्दियों में पराली का दैनिक योगदान अधिकांश दिनों में 5% से कम रहा और सिर्फ 12-13 नवंबर को 22% तक पहुंचा। पराली के कम योगदान से प्रदूषण की चरम सीमा थोड़ी कम हुई है, लेकिन अक्तूबर-नवंबर में हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में ही बनी रही, खासकर नवंबर में।

---

# राज्यसभा में एसआईआर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार
## रिजिजू बोले, ...लेकिन विपक्ष समयसीमा तय नहीं कर सकता







## मल्लिकार्जुन खरगे ने की तुरंत चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** एसआईआर के मुद्दे पर संसद में हंगामा जारी है, इसके चलते बीते दो दिनों में सदन की कार्यवाही भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। विपक्ष लगातार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। अब सरकार ने कहा है कि वे एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन विपक्ष चर्चा की समयसीमा तय नहीं कर सकता। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन प्रस्तावों को खारिज कर दिया।

मंगलवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा 'लोग मर रहे हैं, इसके बावजूद एसआईआर की प्रक्रिया तेजी से जारी है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस पर तुरंत चर्चा होनी चाहिए।' खरगे ने कहा कि 'मैं चाहता हूं कि इस पर अभी चर्चा हो। यह नागरिकों, देश और लोकतंत्र के हित में है।' इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वह इसे लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं से चर्चा करेंगे, लेकिन इसके लिए विपक्ष समयसीमा तय नहीं कर सकता।

**रिजिजू का तंज- हार का गुस्सा निकाल रहा विपक्ष :** रिजिजू ने कहा, 'संसदीय लोकतंत्र में हमें चर्चा करनी चाहिए। देश में कई अहम मुद्दे हैं, लेकिन आप एक मुद्दे के लिए बाकी को कमतर नहीं आंक सकते। सभी मुद्दे अहम हैं। हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन आपको पहले सलाह मशविरा तो करना चाहिए। आप तो समयसीमा तय कर रहे हैं और कह रहे हैं कि सरकार को अभी बताना चाहिए, ये ठीक नहीं है।' विपक्ष पर तंज कसते हुए रिजिजू ने कहा, 'आप चुनाव जीत नहीं पा रहे हैं, लोगों को आप पर विश्वास नहीं है और अपना गुस्सा संसद में निकाल रहे हैं। ये ठीक नहीं है।'

**लोकसभा स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय बैठक :** लोकसभा में हंगामे और लगातार हो रहे व्यवधान से बिफरे स्पीकर ओम बिरला ने भी गतिरोध दूर करने के लिए आज तीन बजे सांसदों की सर्वदलीय बैठक बुलाई है। वहीं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बात पर भी नाराजगी जाहिर की कि स्थगन प्रस्ताव देने वाले सांसदों के नाम भी नहीं पढ़े जा रहे हैं और प्रस्ताव को खारिज कर दिया जा रहा है।

---

### यूपी के दो बड़े शहरों को योगी सरकार की सौगात
# पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**बरेली: 265.95 करोड़ रुपए की पेयजल पुनर्गठन परियोजना**

**कानपुर: 316.78 करोड़ की पाइपलाइन विस्तार योजना**



**लखनऊ।** बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विकसित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें भारत सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख रुपए, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख रुपए और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपए शामिल है। परियोजना के पूरा होने पर बरेली में लगभग 92% आबादी, यानी करीब 9 लाख लोग, नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति से कवर हो जाएंगे।

योगी कैबिनेट ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2.0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी।

कानपुर नगर निगम क्षेत्र के ईस्ट और साउथ सर्विस डिस्ट्रिक्ट में 100% आबादी तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन विस्तार परियोजना को 31,678.88 रुपए लाख की मंजूरी मिली है। इसमें भारत सरकार का योगदान 7,610.32 लाख रुपए, राज्य सरकार का 18,264.77 लाख रुपए और नगर निगम का हिस्सा 4,566.19 लाख रुपए है।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला
## उत्तर प्रदेश के हर मंडल में खुलेगा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया। सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचालित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए।

कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी।

इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी। यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी।

---

### भविष्य के ओलंपियन तैयार करने की दिशा में कदम
# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में 5 दिवसीय 'आह्वान' स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

- भव्य मार्च-पास्ट और शपथ ग्रहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ
- एथलेटिक्स से ताइक्वांडो तक पाँच प्रमुख विधाओं में छात्र दिखाएँगे प्रतिभा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आरकेजी ग्लोबल स्कूल में सोमवार को 5-दिवसीय भव्य खेल महोत्सव 'आह्वान : द स्पोर्ट्स मीट' का शानदार शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 2 से 6 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल बैंड, एनसीसी कैडेट्स और छात्र दलों के आकर्षक एवं सुसंगठित मार्च-पास्ट से हुई, जिसने विद्यालय के अनुशासन व ऊर्जा का जीवंत प्रदर्शन किया। समारोह का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह तथा वाइस चेयरवुमन आंचल गोयल द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विद्यालय की खेलों के माध्यम से समग्र शिक्षा और व्यक्तित्व विकास की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों ने शपथ ग्रहण समारोह में निष्ठा, सत्यनिष्ठा और खेलभावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प भी लिया।

आने वाले पाँच दिनों में विद्यालय परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर जाएगा, जहाँ विद्यार्थी पाँच प्रमुख खेल विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे– एथलेटिक्स, क्रिकेट, शूटिंग, ताइक्वांडो, खो-खो, शूटिंग और ताइक्वांडो जैसे विशेष खेलों को पारंपरिक खेलों के साथ शामिल करना दशार्ता है कि विद्यालय विद्यार्थियों को विविध खेल अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

'आह्वान' केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भविष्य के खेल सितारों को पहचानने और संवारने का महत्वपूर्ण मंच है। सख्त डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और संपूर्ण आयोजन की प्रभावी व्यवस्था विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और स्टाफ द्वारा सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्रतिभागियों, अभिभावकों और आगंतुकों के लिए यह अनुभव सहज, सुरक्षित और यादगार बने।

---

# गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए ने डिप्टी रजिस्ट्रार के ऑडिट को अस्वीकार किया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में आर डब्ल्यू ए द्वारा वर्ष पर्यंत किये गए विकास कार्यों का विवरण एवं आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी ने बताया कि आर डब्ल्यू ए द्वारा कोरपस फण्ड का उपयोग करते हुए लगभग एक करोड़ की लागत से 24 लिफ्ट को रिपेयर किया गया। तीन माह पूर्व लिफ्ट में घुसने से लोग डरते थे मगर आज सभी रेसीडेंट्स लिफ्ट्स ठीक होने से सुरक्षित महसूस कर रहे है।

सचिव अतुल राय ने बताया मोटोराइजड वाल्व लगाकर ओवरफ्लो को रोका गया जिससे लाखों लीटर पानी की बबार्दी रोकी गई। गत एक दशक में पहली बार वाटर टैंकर्स की सफाई करवा कर रेसीडेंट्स को स्वच्छ जल प्रदान किया गया।

संयुक्त सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि सेंट्रल पार्क में हाई मास्ट लाइट एवं टावर्स में 4000 ट्यूब लाइट लगवाकर सोसाइटी में व्याप्त अंधकार दूर किया गया। मीडिया प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया भवन निर्माण, भवन पेंटिंग, फायर फाइटिंग उपकरण, ट्रांसफार्मर अपग्रेडेशन आदि लगभग 12 करोड़ के कार्य आवास विकास परिषद से करवाने प्रस्ताव बनवाने में आरडब्ल्यूए, विद्युत समिति, लिफ्ट समिति की अद्भुत संयुक्त भूमिका रही। आम सभा में डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा 5 वर्षीय ऑडिट हेतु नियुक्त ऑडिट फर्म द्वारा रु 11 लाख ऑडिट फी की सर्वसम्मति से निंदा की गई। सभी ने एक सुर में कहा ये एक समाजिक संस्था का ऑडिट है किसी कारपोरेट का नहीं।

आम सभा में अध्यक्ष एन त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रंजन, सचिव अतुल राय, संयुक्त सचिव देवेंद्र कुमार, ए ओ ए सदस्य सुमेधा शर्मा, अचल मिश्रा, शंकरलाल वत्स, अनिल पांडे, अखलेश सिंह, अशोक मनवाल, चंदन सिंह मनराल, विजय गुसाईं, बृजमोहन, आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पिकअप से बरामद की भारी विस्फोटक सामग्री

राजसमंद। दिल्ली में हुए कार बम धमाके के बाद राजस्थान पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। इसी बीच श्रीनाथजी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री से भरी एक पिकअप को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक भरा था कि अगर इसमें ब्लास्ट होता तो करीब 10 किलोमीटर के दायरे में बड़ा नुकसान हो सकता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में ले लिया। पिकअप में भरा विस्फोटक देखकर पुलिस टीम भी हैरान रह गई। इसके बाद तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया और उन्हें भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के अनुसार पिकअप में मौजूद विस्फोटक की मात्रा इतनी अधिक थी कि इसका ब्लास्ट बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकता था।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 03 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# मंडोली जेल से कौन कुख्यात कर रहा है लोनी के खनन ठेकेदारों को फोन

## जल्द क्राइम ब्रांच और देहात पुलिस ले सकती है कड़ा एक्शन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात जोन में खनन के ठेकेदारी करने वाले कुछ ठेकेदार इन दिनों दिल्ली की एक प्रमुख जेल में बंद कुख्यात बदमाशों की रडार पर बताए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को देहात के एक थानाक्षेत्र में जेल में बंद गैंगस्टर के साथियों ने ठेकेदार के घर पर ताबड़तोड़ गोली चलाई। इस मामले में देहात जोन की पुलिस जांच कर रही है।

तो मामला पुलिस कमिश्नर तक भी जा पहुंचा है। वहीं क्राइम ब्रांच की टीम भी एक्टिव कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में जल्द कुछ दिल्ली जेल में बंद बदमाश और उनसे जुड़े गुर्गे गिरफ्तार किया जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली की एक खास जेल में बंद कुख्यात बदमाश ने लोनी में खनन ठेकेदारी करने वाले एक ठेकेदार से लाखों रुपए की रंगदारी मांगी और पैसे ना देने पर गोली मारने की धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को न सिर्फ कॉल की गई बल्कि कई बार कॉल करके अंजाम भुगतने की खुली चेतावनी भी दी गई है। जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कई टीमें एक्टिव की गई हैं। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि कुछ समय पहले भी वेव सिटी इलाके में एक मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें खनन ठेकेदारी करने वाले ठेकेदार ने रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम ने एक बदमाश जो की मंडोली जेल में बंद दीपक अगरौला गिरोह का सदस्य था, उसको गोली मारकर गिरफ्तार किया था। अब बताया जा रहा है कि इस मामले में जल्द कार्रवाई की जा सकती है।

### डासना जेल भी पुलिस की रडार पर

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों ने बताया है कि जिस तरीके से बीते कुछ दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ लोगों पर रंगदारी वाले फोन आए हैं, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की एक टीम डासना जेल में बंद कुछ कुख्यात बदमाशों और उनके गिरोह के सदस्यों पर नजर बनाए हुए हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि डासना जेल भी पुलिस की रडार पर आ सकती है। यहां के सिस्टम और गतिविधियों पर भी लखनऊ स्तर से नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि लोनी और वेव सिटी में जिस तरीके से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है, उसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है, पुलिस की टीम बनाई गई है, जो सर्विलांस और मुखबिर नेटवर्क के जरिए काम करने में लग गई हैं।

---

### लोनी से जुड़ा बताया जा रहा है पूरा मामला

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लोनी में जिस खनन ठेकेदार के पास फोन आया है, उसने पुलिस को यह जानकारी दी है कि उसके तीन अन्य साथियों पर भी बीते 15 दिनों में एक के बाद एक कॉल आए हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों जिस कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर को पुलिस ने फुल एनकाउंटर में क्लीन बोर्ड किया था। उसके द्वारा भी मसूरी इलाके से एक व्यक्ति का अपहरण कर 25 लाख की रंगदारी की डिमांड की गई थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कई टीमे गहनता से जांच में जुटी हुई हैं।

# नदिया पार के भाजपाई और भाजपाईन के बीच हो गई जबरदस्त तकरार

## भाजपाई बोला मैं समर्पित कार्यकर्ता तो भाजपाईन बोली तुझे टिकट क्या मिला, हवा में मत उड़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार वालों में तकरार के सीन अक्सर दिखाई देते हैं, सुनाई देते हैं। व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक नई तकरार तब दिखाई दी जब भाजपा के एक पार्षद और भाजपा की महिला नेता के बीच जमकर तकरार हो गई। भाजपा नेता क्षेत्र से पार्षद हैं और भाजपा की महिला नेता बागी होकर घंटी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ चुकी हैं। बताते हैं कि जब भाजपा पार्षद ने खुद को समर्पित कार्यकर्ता कहा और ये कहा कि मैं टिकट ना मिलने पर बगावत नहीं करता तो इसी बात पर भाजपा की महिला नेता के शब्दों की अदावत सामने आ गई। काफी देर तक दोनों के बीच आदान-प्रदान चला। शब्दों की इस दहाड़ का एक पहलू ये भी है कि दोनों ही पड़ाड से आते हैं। नदिया पार के एक वार्ड के पार्षद अपने स्वभाव के लिए कड़ा रहते हैं और विकास के लिए कोटी प्रयास करते हैं।



महिला नेता भी पुरानी कार्यकर्ता हैं। बताते हैं कि यहां पर जब पार्षद ने ये लिखा कि मैं पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं और टिकट ना मिलने पर बगावत नहीं करता। इस बात पर बाकी तो खामोश रहे लेकिन महिला नेता को क्रोध आ गया। हो सकता है कि उन्हें लगा हो कि ये बात उन्हें लेकर कही गई है या उन पर कटाक्ष किया गया है। क्योंकि महिला नेता को जब टिकट नहीं मिला था तो वो निर्दलीय के तौर पर पार्षद का चुनाव लड़ी थी और उनका चुनाव चिन्ह घंटी था। इसके बाद महिला नेता ने लिखा कि फालतू बकवास करने की जरूरत नहीं है। मैं तुझे जानती हूं, तू कितना भगौड़ा है। इसके बाद भी महिला नेता का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने लिखा कि मेरे परिवार के बारे में तू क्या जानता है।



फिर इस लड़ाई में महिला भाजपा नेता ने विधायक से लेकर महामंत्री को भी लपेट लिया। एक पार्षद को भी निशाने पर लिया और कहा कि मकन वाले त्यागी जी से लेकर दूसरे त्यागी जी से पूछ बगावत क्या होती है। गोयल बता देंगे बगावत क्या होती है और बगावत ही पूछनी है तो विधायक जी से लेकर महामंत्री से पूछ ले। इतने पर भी क्रोध शांत नहीं हुआ और महिला नेता ने कहा कि तुझे टिकट क्या मिल गया, ज्यादा हवा में मत उड़। कड़ी कड़ी बात कोटी कोटी सुनने के बाद पार्षद ने इतना ही कहा कि मैं अपने कार्यालय पर बैठकर लोगों की मदद करता हूं। पहाड़ वालों की ये दहाड़ मैदान वालों ने सुनी, नदिया पार वालों ने सुनी, व्हाट्सऐप वालों ने भी सुनी और जिसने भी सुनी उसने यही कहा कि इतने कड़े शब्दों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए था।

# कमिश्नरेट में बढ़ रहा है स्नेचिंग का ग्राफ

## इस साल 300 से ज्यादा लिखे गए मुकदमे

### वर्ष 2024 में दर्ज हुई थी 196 घटनाएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को तीन साल हो गए हैं और बीते तीन साल के आंकड़े और जानकारी बता रहे हैं कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्न रेट में स्नैचिंग लगातार पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है।

वर्ष-2025 में नवंबर माह के अंत तक कुल 300 स्नेचिंग की वारदात अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज की गई है, जबकि यह वर्ष 2024 में 196 स्नेचिंग दर्ज की गई थीं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए बड़ी टेंशन यह है कि वर्ष 2026 में स्नेचिंग की वारदात को रोकने के लिए ऐसा कौन सा प्लान बनाया जाए ताकि इस अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी से लेकर नदिया पार के अधिकांश थानों में स्नैचिंग ही सबसे बड़ा क्राइम ग्राफ बढ़ाने का काम करता है। तो स्नेचिंग की वारदात पर लखनऊ से लेकर मुख्यालय में उपस्थित अधिकारी अलर्ट मोड पर आ जाते हैं और मामला हाईलाइट हो जाता है। इसीलिए स्नेचिंग की वारदात को रोकना पुलिस के लिए सबसे प्रमुख और बड़ा टास्क बताया जा रहा है।



### स्नेचिंग के अब तक 300 से ज्यादा दर्ज हो चुके हैं मुकदमे

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में नवंबर माह के अंत तक गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में 300 स्नेचिंग के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसके इतर बड़ी संख्या में पुलिस ने स्नैचिंग करने वाले बदमाशों पर कार्रवाई की है, बावजूद इसके इस अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस के अधिकारियों के लिए अभी भी चुनौती पूर्ण बना हुआ है। वहीं बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा जोनवार थाना प्रभारियों, एसीपी और डीसीपी के साथ बैठक कर वर्ष 2026 में बेहतर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा एवं प्लान किया जा रहा है। इसलिए स्नेचिंग बड़ा विषय बताया जा रहा है।

### 2024 की तुलना में 2025 में बढ़ी हैं 104 वारदात

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि वर्ष-2024 में जहां कुल 196 वारदात घटित हुई थी। तो स्नेचिंग का यह आंकड़ा वर्ष 2025 में अभी नवंबर माह तक 300 पहुंच चुका है। हालांकि सर्दियों में स्नेचिंग की वारदात कम होती हैं, लेकिन मोबाइल, चेन और पर्स स्नेचिंग पुलिस के लिए हमेशा से सिरदर्द रहा है। उधर बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में स्नेचिंग करने वाले बदमाशों की अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर फोटो और पंपलेट भी लगाए गए थे ताकि उनकी गिरफ्तारी की जा सके और उनके बढ़ते हुए आतंक पर अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल जिस तरीके से स्नेचिंग की वारदात का ग्राफ बढ़ रहा है, उसे देखकर नहीं लग रहा है कि वर्ष 2026 में पुलिस इसे रोकने में पूरी तरीके से कामयाब हो पाएगी। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इसे रोकने के लिए प्लान बड़े स्तर पर बनाए जा रहे हैं।

# बहुत ज्यादा हो रहे हैं गाजियाबाद में सड़क हादसे

## कोहरे से पहले ही रोजाना जा रही है लोगों की जान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बीते एक साल के दौरान कई बार प्रमुख अधिकारियों और विभागों के साथ बैठक हुई है। इसके बावजूद गाजियाबाद में हादसों में कमी नहीं लग पा रही है। अभी कोहरे ने ठीक से दस्तक नहीं दी है लेकिन सड़क हादसों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। बीते 15 दिनों के दौरान 7 से 8 बड़े सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें कई लोगों ने जान गंवाई है। बीते दिनों जहां घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई थी, तो उससे पहले दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी दो युवाओं को रफ्तार ने मौत के घाट उतार दिया था। इसके साथ ही लिंक रोड और लोनी में भी सड़क हादसे में बीते एक सप्ताह के दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। तो वहीं जिस तरीके से सोमवार तड़के थाना सिहानी गेट इलाके में तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़ के नीचे जा गिरी। जिसमें पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। बीते अगर 15 दिनों की बात की जाए तो गाजियाबाद में एक के बाद एक थानाक्षेत्र में सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें लोगों की जान जा रही है। वैसे यातायात पुलिस का 1 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक यातायात माह भी चलाया गया। जिसके दौरान लोगों को जागरूकता से लेकर नियमों के पालन करने के निर्देश दिए गए, बावजूद इसके रफ्तार और लापरवाही जानलेवा साबित हो रही है।

**बनाया था ट्रैफिक पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सड़क हादसों में कमी लाने का प्लान**

## गाजियाबाद में हुए बीते दिनों कुछ प्रमुख जानलेवा सड़क हादसे




12 नवम्बर 2025 : तीन किशोर बाइक सवार — (एनएच-9), विजयनगर थाना क्षेत्र — ट्रक से टकराने से मौत।

1 दिसंबर 2025 : एक तेज रफ्तार कार सिहानी गेट फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर लगभग तीस फीट नीचे गिर गई — हादसे में पिता की मौत हुई।







20 नवम्बर 2025 : जीटी रोड (जीटी रोड) पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन दोस्तों को टक्कर मारी; दो की मौत हुई।

– लगभग 6 दिन पहले : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक वैन ने गलत दिशा में बाइक को टक्कर मारी — हादसे में बाइक सवार की मौत हुई, 2 घायल।

### रफ्तार और लापरवाही बन रही है जानलेवा

करंट क्राइम : ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों गाजियाबाद के अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत हुई है। जिसमें या तो वाहन चालकों द्वारा अधिक रफ्तार पर वाहन चलाए गए या वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। कुल मिलाकर अधिकारियों का कहना है कि यातायात नियमों की अनदेखी से ही अधिकांश सड़क हादसे होते हैं। जिसमें रफ्तार और सुरक्षा के उपायों की अनदेखी जानलेवा साबित होती है।

> "सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कुछ नए डॉर्क स्पॉट बनाए गए हैं। तो वाहनों के चालकों पर एक्शन भी लिया जाएगा। इसके साथ ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी।
> त्रिगुण बिसेन, डीसीपी ट्रैफिक



# कड़वा गोल्डन वाटर पी रहे चार मेम्बरों की बढ़ गई उस समय हार्टबीट

## कोई खींच रहा था फोटो तो पहले उसे डांटा और फिर फोटो कराये डिलीट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किस्सा एक राजनीतिक दल से जुड़ा है और किस्से में एक एरिये के पूर्व प्रधान हैं। किस्से में चार मौहल्ला मेम्बर हैं और किस्से में गिलास है। कहने की बात ही नहीं है कि गिलास में कड़वा वाटर है। बताते हैं कि एक नेता के भतीजे की शादी का रिसेप्शन चल रहा था। रिसेप्शन में ये ऑप्शन था कि जो कड़वा वाटर पीना चाहे, वो पी सकता है। ऐसे में एक मेज और मेज के सामने लगी कुर्सियों पर चार मेम्बर बैठ गये। चारों के हाथों में गिलास था। मामला सही चल रहा था अचानक उनके पीछे आकर एरिये वाला पूर्व प्रधान खड़ा हो गया। यहां तक तो सब ठीक था लेकिन गिलास वालों को सबसे खराब तब लगा जब उन्होंने देखा कि एक युवक मोबाईल से फोटो खींच रहा है। इस सीन को देखते ही मेम्बरों को गुस्सा आ गया और उनकी भाषा ऑबसीन हो गई। मेम्बरों का गुस्सा जायज था कि कोई क्या खा रहा है और क्या पी रहा है यह सबका व्यक्तिगत विषय है। फोटो में टेबल पर रखी वस्तुएं आ रही थी और नेता जी के भतीजे के रिसेप्शन में फिर फजीते की नौबत आ गई।



बात भी जायज थी क्योंकि कई बार ऐसे मौको पर खींचे गये चित्रों को लोग सहेज कर रख लेते हैं और सियासत में मौका आने पर इन चित्रों का चित्रहार बन जाता है। क्योंकि जो लोग सहेज कर रखते हैं वो जानते हैं कि किस मौके पर इन्हें हथियार बनाकर इस्तेमाल करना है। ये फोटो सेव हो जाते हैं और बाद में खास मौकों पर निकाले जाते हैं। बताते हैं कि इसके बाद एक्स वाले एरिये के अध्यक्ष को फिर मैम्बरों ने रिलैक्स नहीं होने दिया। कड़वा वाटर पी रहे लोगों ने एक्स एरिये वालों को कड़वी कड़वी बातें सुनाई। किसी ने समझाने की कोशिश भी की तो कड़वा वाटर गले से नीचे उतरा हुआ था तो समझ में कुछ आना ही नहीं था। सूत्र बताते हैं कि मामला तब शांत हुआ जब चारों मैम्बरों ने मोबाईल से वो सारी फोटो डिलीट करा दीं। हार्ट बीट भी फोटो डिलीट होने के बाद ही नॉर्मल हुई। सबसे बड़ी बात ये थी कि ये पूरा सीन घटित हुआ और समझाने वाले सीन में बड़े-बड़े पहलवान भी कुछ नहीं कर पाये।

# आज हाईकोर्ट में होगी हाउस टैक्स मामले पर सुनवाई






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हाउस टैक्स में वृद्धि का विरोध करते हुए भाजपा के ही पूर्व पार्षदों ने इस मामले में हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया और फिर इस मामले में प्रतिवादी पक्ष के रूप में नगर निगम ने अपना जवाब दाखिल किया। दोनों पक्ष अपने अपने जवाब दाखिल कर चुके हैं।

अब इस मामले में फाईनल बहस होनी है और बहस के बाद अदालत को फैसला सुनाना है। अदालत इस मामले में सुनवाई कर रही है और आज प्रयागराज हाईकोर्ट में हाउस टैक्स वृद्धि केस की तारीख है। आज ये अनुमान लगाया जा रहा है कि अदालत में दोनों पक्षों के अधिवक्ता फाईनल बहस करेंगे और अदालत इस मामले में फैसला सुना सकती है। वैसे अब ये मामला धीरे धीरे फाईनल सुनवाई की ओर बढ़ रहा है। दोनों ही पक्ष अपने अपने जवाब दाखिल कर चुके हैं और अदालत को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह सुनने के बाद इसमें फैसला सुनाना है।

आज अगर अदालत में इस केस का नंबर आता है और दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की फाईनल बहस अदालत सुनती है तो इस मामले में फैसला आना शेष रह जायेगा। बहरहाल आज अदालत में सुनवाई है।

# बिल्ली पालने को लेकर दो बहनों की फाइट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के फ्लैट्स में बिल्ली पालने को लेकर दो महिलाओं के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला मारपीट तक पहुँच गया। पूरा घटनाक्रम सोसायटी में लगे कैमरे में कैद हो गया और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसने घर में एक बिल्ली पाली हुई है, और इसी बात को लेकर पड़ोस की महिलाएँ उससे अक्सर झगड़ा करती थीं। कई बार समझाने के बावजूद विवाद शांत नहीं हुआ। शिकायत के अनुसार, घटना वाले दिन दोपहर लगभग तीन बजे पीड़िता अपने घर की सफाई कर रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाली दो बहनें, सीमा और गुड़िया, उसके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगीं। जब महिला ने इसका कारण पूछा, तो दोनों ने विवाद बढ़ाते हुए कथित रूप से उससे मारपीट की। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## संपादकीय

# लापरवाह बस सुरक्षा संकट

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, यानी एनएचआरसी की एक पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नोटिस जारी किया है तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों को हटाने का निर्देश दिया।

पिछले कुछ समय के दौरान सार्वजनिक बसों के हादसे के कई मामले सामने आए, जिनमें आग लगने से यात्री जिंदा जल गए। ऐसी घटनाओं को हादसा मान कर ही देखा गया और सरकार ने इनकी जांच कराने और हताहतों या उनके परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा करके औपचारिकता पूरी कर ली। मगर जब एक ही तरह की दुर्घटनाएं लगातार होने लगें, तो इस पर भी विचार करने की जरूरत होती है कि इनकी तह में क्या वजह छिपी हो सकती है।

अव्वल तो वाहन सुरक्षित चलाने से लेकर सामान रखने की जगह और बस के भीतर आवाजाही के रास्ते निर्बाध रखने जैसी सावधानी को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की होनी चाहिए। अगर इसमें लापरवाही बरती जाती है, तो उसकी जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित महकमे तथा अधिकारियों की है। मगर ऐसा लगता है कि हर स्तर पर घोर लापरवाही बरती जाती है और यात्रियों के जीवन की कोई परवाह नहीं की जाती। सवाल है कि ऐसी स्थिति कैसे आती है कि किसी बस में आग लग जाने पर यात्रियों को निकलने तक का मौका नहीं मिलता और वे अपनी या किसी अन्य की जान बचाने के लिए कुछ नहीं कर पाते।

इसी मसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, यानी एनएचआरसी की एक पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नोटिस जारी किया है तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों को हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सार्वजनिक बसों के डिजाइन में गंभीर खामी यात्रियों की जान को खतरे में डाल रही है। ऐसी खबरें भी आईं कि हादसे या आग लगने के बाद बस का स्वचालित दरवाजा जाम हो गया और इसकी वजह से लोग भीतर ही फंस गए।

इसके अलावा, बस में जरूरत से ज्यादा भार, आपातकालीन दरवाजे या खिड़कियों का नहीं होना या फिर बेकाम होना जैसी अनेक लापरवाहियां यात्रियों की मौत की वजह बनती हैं। आखिर डिजाइन में गंभीर खामी वाली बसें जोखिम भरी स्थितियों में सड़क पर निर्बाध दौड़ती हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आए दिन यात्री बसों में आग लगने और लोगों की मौत की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए इस पर विचार और ठोस कार्रवाई बेहद जरूरी है।

# अमेरिकी दबाव बेअसर: भारत-रूस तेल व्यापार सुरक्षित रखने का रूस का बड़ा आश्वासन



**नई दिल्ली।** क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पश्चिम देशों के कड़े आर्थिक प्रतिबंधों और अमेरिका की ओर से टैरिफ वॉर चलाने के बीच रूस ने भारत के साथ अपने संबंधों पर बयान दिया है। रूस ने साफ किया है कि नई दिल्ली के साथ उसका रिश्ता किसी 'तीसरे पक्ष' के दबाव में खत्म नहीं होने वाला। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने एक अहम बयान में न केवल तेल व्यापार को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया है, बल्कि भारत के लिए सिरदर्द बन चुके 'व्यापार घाटे' को सुलझाने का रोडमैप भी पेश किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और यूरोपीय देश रूस की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### तेल का व्यापार नहीं होगा कम, रूसी प्रवक्ता पेस्कोव का आश्वासन

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मॉस्को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की परछाई भारत के साथ होने वाले तेल व्यापार पर न पड़े। पेस्कोव ने कहा, ₹हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि व्यापार की मात्रा में, विशेषकर तेल के क्षेत्र में, कोई कमी न आए। रूसी अधिकारी का यह बयाान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने 'प्राइस कैप' और टैंकरों पर प्रतिबंध लगाकर इस सप्लाई चेन को तोड़ने की कोशिश की है।

### बाहरी दबाव से बचने के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना होगा

पेस्कोव ने कूटनीतिक रूप से अमेरिका का नाम लिए बिना साफ संदेश दिया कि दोनों देशों को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए एक 'सुरक्षा कवच' तैयार करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, भारत और रूस को अपने द्विपक्षीय व्यापार को बाहरी दबाव और तीसरे देशों के हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना होगा। विश्लेषकों का मानना है कि यह इशारा सीधे तौर पर स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम से अलग, एक स्वतंत्र भुगतान प्रणाली (जैसे रुपये-रूबल व्यापार या डिजिटल करेंसी) को और मजबूत करने की ओर है।

### भारत के व्यापार घाटे की चिंता पर रूस गंभीर

भारत-रूस संबंधों में वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती 'एकतरफा व्यापार' है। भारत रूस से तेल और हथियार तो खूब खरीद रहा है, लेकिन रूस को भारतीय निर्यात कम है, जिससे एक बड़ा व्यापार घाटा पैदा हो गया है और रूस के पास भारतीय रुपये का जमावड़ा लग गया है। पेस्कोव ने कहा, ₹रूस भारत की चिंताओं और व्यापार घाटे की समस्या से पूरी तरह अवगत है। हम भारत से आयात बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।₹ यह नई दिल्ली के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले दिनों में रूस भारतीय मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पादों और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अपने बाजार के दरवाजे और चौड़े कर सकता है।

### 'मेक इन इंडिया' को मिल सकता है बल

पेस्कोव ने यह भी जानकारी दी कि मॉस्को और नई दिल्ली भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह कदम न केवल व्यापार संतुलन को सुधारेगा बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' अभियान को भी रूस के रूप में एक बड़ा और स्थाई बाजार दिला सकता है।

# अमेरिकी प्रतिबंधों का असर: भारत का रूसी तेल आयात एक-तिहाई घटा कई रिफाइनरियों ने खरीद रोक दी



**नई दिल्ली।** केप्लर के अनुसार अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत के रूसी तेल आयात में एक तिहाई की कमी है। प्रतिबंधों के चलते रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने फिलहाल आयात रोक दिया है।

अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत के रूसी तेल आयात में एक तिहाई की कमी आई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिसंबर में और गिरावट की उम्मीद है क्योंकि देश प्रतिबंधों का उल्लंघन करने से बचने के लिए विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं।

### प्रतिबंधों के पहले का आंकड़ा

रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स कंपनी केप्लर के अनुसार, महीने के दौरान रूस से आयात औसतन 18 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। यह देश के कुल कच्चे तेल आयात मिश्रण का 35% से अधिक है। यह स्तर अक्तूबर के 15 से 16 लाख की तुलना में काफी अधिक है और पांच महीनों का उच्चतम स्तर माने जा रहे हैं। केप्लर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रिटोलिया ने बताया कि 21 नवंबर की प्रतिबंध समयसीमा से पहले आयात 19 से 20 लाखु स्र कि करीब पहुंच गया था, क्योंकि भारतीय खरीदारों ने समय सीमा से पूर्व बड़े पैमाने पर खेप आगे बढ़ा दी थीं।

### प्रतिबंधों के बाद का आंकड़ा

रिटोलिया के मुताबिक, समयसीमा लागू होने के बाद आयात में कुछ सुस्ती दिखी है, क्योंकि रिफाइनरियों ने प्रतिबंध लागू होने के बाद प्रोसेसिंग के लिए पहले से पर्याप्त भंडार तैयार कर लिया था। वहीं 21 नवंबर के बाद प्रवाह घटकर लगभग 12.7 लाखु स्र रिह गया, जो पिछली महीने की तुलना में 5.7 लाखु स्र किम है। रिटोलिया के मुताबिक, मौजूदा लोडिंग और जहाजों की आवाजाही के आधार पर दिसंबर में आयात लगभग 10 लाखु स्र रिहने का अनुमान है।

# घटती महंगाई से बढ़ी उम्मीद: आरबीआई 25 बेसिस प्वाइंट की दर कटौती कर सकता है-केयरएज रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** केयरएज की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आरबीआई अपनी आगामी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। इसमें कहा गया है कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति घटकर दशक के निम्नतम स्तर 0.3 प्रतिशत पर आ गई है। यह आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से काफी नीचे है, जिससे ब्याज दरों में कटौती के लिए नीतिगत गुंजाइश बनी है। घटती महंगाई और मजबूत वृद्धि के बीच आरबीआई अपनी आगामी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। बता दें कि वर्तमान रेपो दर 5.5 प्रतिशत है।

### अक्तूबर में महंगाई घटकर निम्न स्तर पर आ गई

इसमें कहा गया है कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति घटकर दशक के निम्नतम स्तर 0.3 प्रतिशत पर आ गई है। यह आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य से काफी नीचे है, जिससे ब्याज दरों में कटौती के लिए नीतिगत गुंजाइश बनी है।

### इन कारकों से महंगाई में रुकेगी वृद्धि

रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर ब्रेंट क्रूड कीमतें, रबी की बुवाई को समर्थन देने वाले स्वस्थ जलाशय स्तर, व चीन में अतिरिक्त क्षमता से उत्पन्न होने वाले कम मूल्य दबाव जैसे कारकों से मंहगाई में किसी भी तीव्र वृद्धि को रोकने में मदद मिलेगी।

### जीडीपी को लेकर केयरएज का अनुमान

वहीं वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई है। केयरएज ने वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में इसमें लगभग 7 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया है, क्योंकि अग्रिम निर्यात से मिलने वाली वृद्धि कम हो रही है और त्योहारों के बाद खपत कम हो रही है।

# सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम: बैंकिंग और रिलायंस की बिकवाली से बाजार टूटा, रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 503.63 अंक गिरकर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।वहीं, एनएसई निफ्टी 143.55 अंक गिरकर 26,032.20 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और प्रमुख शेयर बाजारों सेंसेक्स में करीब 504 अंक की गिरावट दर्ज की गई। इसका कारण ब्लू-चिप बैंक शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी थी। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 503.63 अंक या 0.59 प्रतिशत गिरकर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, बेंचमार्क 588.9 अंक या 0.68 प्रतिशत गिरकर 85,053 के निचले स्तर पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सूचकांक ने दिन के कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ था, लेकिन दूसरे सत्र में मुनाफावसूली के कारण गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 143.55 अंक या 0.55 प्रतिशत गिरकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ।

### रुपया डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ

रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90 रुपये प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को छूने के बाद 42 पैसे की गिरावट के साथ 89.95 रुपये (अनंतिम) के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और लार्सन एंड टुब्रो सबसे ज्यादा पिछड़े। वहीं, एशियन पेंट्स, मारुति, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त**

एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजारों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 62.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.33 प्रतिशत गिरकर 62.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,171.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,558.93 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# यूएनडीपी की चेतावनी: एआई अमीर-गरीब देशों की खाई और बढ़ा सकता है, नई महा-विभाजन का खतरा



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चकाचौंध और वादों के बीच संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने दुनिया के सामने एक कड़वी हकीकत रखी है। यूएनडीपी की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि यदि सही नीतियां नहीं बनाई गईं, तो एआई दुनिया को जोड़ने के बजाय अमीर और गरीब देशों के बीच की खाई को और बढ़ा देगा।

रिपोर्ट में इसे औद्योगिक क्रांति के दौरान हुए ग्रेट डायवर्जेंस यानी 'महा-विभाजन' की तरह बताया गया। उस समय पश्चिमी देश आधुनिकता की दौड़ में आगे निकल गए थे और बाकी दुनिया पिछड़ गई थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एआई के मामले में बिना सुधारात्मक कदमों के अमीर देशों का दबदबा बढ़ सकता है। एआई का का लाभ केवल संपन्न राष्ट्रों और वर्गों तक सिमट कर रह जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार डेटा-संचालित दुनिया में गरीब, बुजुर्ग और विस्थापित लोग पीछे छूट सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया में दोहरे मानक हैं। चीन-जापान जैसे देश एक आई के मामले में भले ही आगे हैं, लेकिन कई देश बुनियादी ढांचे के अभाव में पिछड़ रहे हैं। उत्पादकता बनाम मानवीय जीवन रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में कॉरपोरेट जगत और सरकारों का पूरा ध्यान एआई के जरिए उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर है। लेकिन रिपोर्ट के लेखक सवाल उठाते हैं कि इसका मानवीय जीवन पर क्या असर होगा? रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे समुदाय जो आज भी बिजली, इंटरनेट और कौशल के लिए संघर्ष कर रहे हैं-जैसे युद्ध पीड़ित, शरणार्थी या जलवायु आपदाओं के शिकार लोग- वे डेटा सेट में शामिल ही नहीं किए जाएंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है। एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु-आधारित भोजन खाया है, वे पश्चिमी बीमारियों से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चिंटू- यार तूने इतने छोटे-छोटे बाल क्यों कटवाए?
पिंटू- नाई के पास तीन रुपये खुल्ले नहीं थे, तो मैं बोला- तीन रुपये की और काट दे!

---

जलन की शिकायत लेकर एक खूबसूरत लड़की देहाती डॉक्टर के पास जाकर बोली...
लड़की- मेरे चेहरे में जलन हो रही है।
डॉक्टर- आपके चेहरे का हमें एक्स रे करना पड़ेगा।
लड़की- एक्स रे में क्या होता है?
डॉक्टर- चेहरे की फोटो खींची जाती है...
लड़की- 5 मिनट रुको, मैं मेकअप कर लूं।
डॉक्टर बेहोश...

---

एक अजनबी लड़की आधी रात को वकील को फोन करके बोली...
लड़की-आप मेरा फ्रेंड बनेंगे
वकील-हां क्यों नहीं, आपका नाम क्या है
लड़की- धारा
वकील- कौन सी धारा 144 या 145
लड़की ने तुरंत फोन काट दिया...

## 03 12 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# वनडे में 50+ की औसत वाले बल्लेबाज शीर्ष-10 में 3 भारतीय

**नई दिल्ली।** यह सूची दशार्ती है कि वनडे क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व बेहद मजबूत है और आने वाले समय में गिल, यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाज इस दबदबे को और बढ़ा सकते हैं।

वनडे में किसी बल्लेबाज का औसत और टी20 में स्ट्राइक रेट उसकी काबिलियत बताने का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता है। वनडे में कम से कम 2000 रन वाले बल्लेबाजों में 50+ औसत रखना आसान नहीं है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने इस खास सूची में अपनी जगह बनाकर इतिहास में अपना नाम दर्ज किया है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक, शीर्ष-10 सबसे ज्यादा औसत वाले बल्लेबाजों में तीन भारतीय शामिल हैं, जिसमें विराट कोहली सबसे ऊपर हैं।



### विराट कोहली

इस सूची में नंबर एक पर हैं भारत के विराट कोहली, जो न सिर्फ रन मशीन कहलाते हैं बल्कि उनकी स्थिरता वनडे क्रिकेट में अद्वितीय है। कोहली को वनडे के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माना जाता है और हाल ही में महान सुनील गावस्कर ने उन्हें सचिन तेंदुलकर से भी बेहतर बताया था। 58.02 की औसत के साथ कोहली इस समय दुनिया में वनडे में सबसे ज्यादा औसत वाले खिलाड़ी हैं। वनडे में उनके 52 शतक सबसे ज्यादा हैं। वह इस प्रारूप में 306 मैचों में 14,390 रन बना चुके हैं।

### शुभमन गिल

दूसरे स्थान पर भारत के युवा बल्लेबाज और किंग कोहली के उत्तराधिकारी माने जाने वाले और प्रिंस के नाम से मशहूर शुभमन गिल हैं। उनकी कंसिस्टेंसी आने वाले वर्षों में रिकॉर्ड को और ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। गिल ने 58 वनडे मैचों में 56.36 की औसत से 2818 रन बनाए हैं। इनमें आठ शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं।

### बाबर आजम

पाकिस्तान के बाबर आजम पांचवें नंबर पर हैं और वो आधुनिक क्रिकेट के सबसे तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। बाबर ने कई



रिकॉर्ड अपने नाम किए, हालांकि उनका मौजूदा फॉर्म सवालों के घेरे में है। बाबर ने अब तक 140 वनडे मैचों में 53.72 की औसत से 6501 रन बनाए हैं। इनमें 20 शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

### माइकल बेवन

ऑस्ट्रेलिया के माइकल बेवन अपनी शानदार बल्लेबाजी और स्ट्राइक रोटेशन के लिए जाने जाते थे और आज भी उन्हें वनडे के सबसे बेहतरीन फिनिशर्स में गिना जाता है। बेवन ने 232 वनडे मैचों में 53.58 की औसत से 6912 रन बनाए। इनमें छह शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं। बेवन ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णिम दौर में अहम बल्लेबाज थे और टीम की कई जीतों में उनका योगदान रहा।



### एबी डिविलियर्स

दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स हैं। मिस्टर 360 डिग्री के नाम से मशहूर डिविलियर्स का 53.50 का औसत उन्हें क्रिकेट इतिहास के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में रखता है। डिविलियर्स ने 228 वनडे मैचों में 9577 रन बनाए।

### डेरिल मिचेल

न्यूजीलैंड के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार डेरिल मिचेल लिस्ट में छठे स्थान पर हैं और हाल में उनके प्रदर्शन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें काफी पहचान दिलाई है। मिचेल का खासियत यह है कि वह जरूरत और परिस्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी करने में माहिर हैं। वह जरूरत पड़ने पर स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और कभी भी गियर भी बदल सकते हैं। मिचेल ने अब तक 56 वनडे मैचों में 53.13 की औसत से 2338 रन बनाए हैं। इनमें सात शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं।

### जोनाथन ट्रॉट

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट इस सूची में शामिल सबसे कम चर्चा में रहने वाले, लेकिन बेहद असरदार बल्लेबाज रहे हैं।
ट्रॉट ने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन जब तक वह खेले, तकनीकी रूप से सबसे सक्षम बल्लेबाजों में से एक रहे। ट्रॉट ने 68 वनडे मैचों में 51.25 की औसत से 2819 रन बनाए। इनमें चार शतक और 22 अर्धशतक शामिल हैं।

### एमएस धोनी

इस लिस्ट में आठवें नंबर पर भारत के पूर्व कप्तान और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी हैं। उन्होंने कई मैचों को अपने दम पर खत्म किया और दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज भी रह चुके हैं। धोनी ने 350 वनडे मैचों में 50.57 की औसत से 10,773 रन बनाए। इनमें 10 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं।

### शाई होप

वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज शाई होप इस लिस्ट में नौवें नंबर पर हैं। वह 148 वनडे मैचों में 50.52 की औसत से 6113 रन बना चुके हैं। इनमें 19 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं।

### रसी वान डर डुसेन

दक्षिण अफ्रीका के डुसेन को एक समय सबसे शानदार टैलेंट में से एक माना जाता था। हालांकि, हालिया फॉर्म उनका कुछ खास नहीं रहा है। डुसेन ने अब तक 71 वनडे में 50.13 की औसत से 2657 रन बनाए हैं।

# 'फाफ को छोड़ना कठिन था, लेकिन हमे युवा विकल्पों की जरूरत थी'

**नई दिल्ली।** डुप्लेसिस आईपीएल कैरियर में चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और अब खत्म हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के लिए खेल चुके हैं। वह पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे और अब पाकिस्तान सुपर लीग में खेलेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमंग बदानी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस को छोड़ना आसान फैसला नहीं था, लेकिन टीम के खेलने की शैली के अनुरूप युवा और अधिक आक्रामक विकल्प के लिये ऐसा करना पड़ा।

डुप्लेसिस आईपीएल कैरियर में चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और अब खत्म हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के लिए खेल चुके हैं। वह पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे और अब पाकिस्तान सुपर लीग में खेलेंगे।

बदानी ने जियोस्टार पर टाटा आईपीएल रिटेंशन शो में कहा, 'फाफ डुप्लेसिस जैसे खिलाड़ी को छोड़ना आसान नहीं होता। उसे छोड़ने का फैसला कठिन है क्योंकि इतने साल में उसने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'हमे लगा कि युवा विकल्प को आजमाने का समय आ गया है जो अधिक आक्रामक हो और हमारी टीम के खेलने की शैली में



ढल सके।'

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को छोड़ने के फैसले पर बदानी ने कहा, 'हमने पिछले सत्र के प्रदर्शन पर उनका समर्थन किया, लेकिन हमें लगा कि उस पर नौ करोड़ रुपए खर्च नहीं किये जा सकते। इसलिए उन्हें छोड़ने का फैसला किया।' वहीं भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के पास अच्छे भारतीय खिलाड़ी हैं लेकिन सलामी जोड़ी पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'उनके पास अच्छे भारतीय खिलाड़ी हैं। नीतीश राणा बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। केएल राहुल, अभिषेक पोरेल और करुण नायर उन्हें मजबूती देते हैं। अब उन्हें तय करना है कि शीर्ष क्रम पर कौन कहां खेलेगा।'

# विश्व कप में भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज, नामीबिया को 13-0 से रौंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई।
भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई। भारत के लिए हिना (35', 35', 45') और कनिका (12', 30', 45') ने तीन-तीन गोल किए। इसके अलावा साक्षी राणा (10', 23') ने दो गोल दागे, जबकि बिनीमा धन (14'), सोनम (14'), साक्षी शुक्ला (27'), इशिका (36') और मनिशा (60') ने भी एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।
**पहला क्वार्टर :** पहले ही क्वार्टर में भारत ने चार मिनट के भीतर चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। साक्षी ने रिवर्स फ्लिक से शानदार शुरूआत की, जिसके बाद कनिका ने दूसरा गोल दागा।
**दूसरा क्वार्टर :** दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। साक्षी ने बेहतरीन दौड़ के बाद जोरदार स्ट्राइक से दूसरा गोल किया। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर से छठा गोल आया। हाफ टाइम से ठीक पहले कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 7-0 की बढ़त दिलाई।

# 1355 खिलाड़ियों की सूची में 45 का आधार मूल्य 2 करोड़, ग्रीन सबसे पसंदीदा

**मुंबई।** आईपीएल 2026 की नीलामी सिर्फ टीमों के पुनर्निर्माण का मंच नहीं बल्कि यह भी तय करेगी कि आने वाले सीजन में कौन सी टीम कितनी मजबूत होगी। कैमरन ग्रीन, स्टीव स्मिथ, नॉर्त्जे, रचिन रविंद्रा, लिविंगस्टोन और भारतीय प्रतिभाओं के बीच की यह बोली क्ढछ के इतिहास की सबसे रणनीतिक नीलामियों में से एक हो सकती है।

आईपीएल 2026 के मिनी-ऑक्शन के लिए कुल 1,355 खिलाड़ियों ने अपना नाम रजिस्टर कराया है। यह सूची आईपीएल ने फ्रेंचाइजियों के साथ साझा की गई है और रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 30 नवंबर बताई गई। अब फ्रेंचाइजी इनमें से प्रमुख नामों पर अपनी सहमति जताएंगी और उसके बाद नीलामी के लिए खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी।



ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक, इन 1355 रजिस्टर्ड खिलाड़ियों में से 45 खिलाड़ियों ने सबसे ऊंची श्रेणी यानी दो करोड़ रुपये वाले वर्ग में रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, मैक्सवेल का नाम इन 1355 खिलाड़ियों की सूची में नहीं है। यानी वह बोली में शामिल नहीं होंगे। यह फैसला चौंकाने वाला है।

इनमें प्रमुख नामों में कैमरन ग्रीन, लियाम लिविंगस्टोन, रवि बिश्नोई, वेंकटेश अय्यर, मथीशा पथिराना और वानिंदु हसरंगा शामिल हैं। नीलामी एक दिन की होगी और 16 दिसंबर को अबू धाबी में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों का स्क्वॉड बना सकती है। इस आधार पर ऑक्शन में कुल 77 स्लॉट भरे जाने हैं, जिनमें से 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं।

**दो करोड़ रुपये का ब्रैकेट, बड़े नाम और उनकी अहमियत:** दो करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले खिलाड़ियों की सूची काफी प्रभावशाली है। इस सूची में विदेशी और कुछ भारतीय नाम दोनों शामिल हैं, लेकिन सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ी, वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ने खुद को इस उच्चतम बेस प्राइस पर रखा है। यह दशार्ता है कि अधिकांश भारतीय खिलाड़ी नीलामी में टीम-मानसिकता के साथ उतरना चाहते हैं।

### बड़े नाम रिलीज होने के बाद वापस लिस्ट में

इन खिलाड़ियों को हाल ही में रिलीज किया गया था, लेकिन अब वे फिर बोली के लिए तैयार हैं :

| खिलाड़ी | पिछली फ्रेंचाइजी | रिलीज का कारण |
|---|---|---|
| मथीशा पथिराना | CSK | चोट और उपलब्धता की समस्या |
| लियाम लिविंगस्टोन | RCB | खराब प्रदर्शन |
| रवि बिश्नोई | LSG | लगातार प्रभाव में गिरावट |
| वेंकटेश अय्यर | KKR | अस्थिर प्रदर्शन |


# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 14 साल के वैभव का धमाका

## शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

**कोलकाता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में बिहार के 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मैच में सूर्यवंशी ने सिर्फ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए और अपने करियर का तीसरा टी20 शतक जड़ दिया। इस पारी के साथ ही उन्होंने इतिहास भी रच दिया। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

### 7 चौके, 7 छक्के, वैभव का तूफान

वैभव सूर्यवंशी की इस पारी में सात चौके और सात छक्के शामिल थे और उनकी यह पारी कोलकाता के मशहूर ईडन गार्डन्स में दर्शकों के लिए किसी रोमांचक शो से कम नहीं थी। सूर्यवंशी ने मैदान के हर हिस्से में शॉट्स लगाए और महाराष्ट्र के गेंदबाजों को बेबस कर दिया।



**14 साल के वैभव सूर्यवंशी की यह पारी केवल रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य की झलक भी है। यदि उनका प्रदर्शन यही स्तर बनाए रखता है, तो उनके नाम भविष्य में बड़े मंचों पर भी सुनाई देंगे।**

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे कम उम्र के शतकवीर

| उम्र | खिलाड़ी | खिलाफ (साल) |
|---|---|---|
| 14 साल 250 दिन | वैभव सूर्यवंशी | महाराष्ट्र (2025) |
| 18 साल 118 दिन | विजय जोल | मुंबई (2013) |
| 18 साल 135 दिन | आयुष म्हात्रे | विदर्भ (2025) |
| 19 साल 25 दिन | शेख राशीद | अरुणाचल प्रदेश (2023) |
| 19 साल 30 दिन | अक्षत रेड्डी | मुंबई (2010) |

### सबसे कम उम्र में इतिहास रचा

इस धांसू पारी के साथ वैभव सूर्यवंशी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। यह उपलब्धि इतनी खास है कि टूनार्मेंट में अब तक कोई भी खिलाड़ी इतनी कम उम्र में ऐसा नहीं कर पाया था।

### जिम्मेदारी भरी पारी, अंत तक नाबाद रहे

बिहार की बल्लेबाजी ताश की तरह बिखर गई थी और टीम दबाव में थी, लेकिन सूर्यवंशी ने धैर्य, पारी बनाने वाली और मैच स्थिति की समझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनकी शानदार पारी में अगला बड़ा स्कोर सिर्फ 26 रन था, जिससे साफ है कि उन्होंने टीम को अपने दम पर बिहार को 176 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### आखिरी ओवर तक टिके रहे

सूर्यवंशी पूरे 20 ओवर क्रीज पर टिके रहे और नाबाद रहे और यह बात उनके बैटिंग टेंपरेमेंट और मैच अवेयरनेस को साबित करती है। हालांकि, महाराष्ट्र ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 182 रन बनाकर मैच जीत लिया। कप्तान पृथ्वी शॉ ने 30 गेंद में 66 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

### कुछ दिन पहले भी जड़ा था ऐसा रिकॉर्ड

यह प्रदर्शन कोई संयोग नहीं है। कुछ दिन पहले ही वैभव ने यूएई के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में 42 गेंदों में 144 रन जड़े थे। उनका यह निरंतर प्रदर्शन बताता है कि वह भारत के घरेलू क्रिकेट में उभरते हुए सबसे बड़े सितारों में से एक बन चुके हैं।

# एएमयू, जामिया-मुरादाबाद की टीम क्वार्टर फाइनल में

**अलीगढ़।** नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद ने गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 10 विकेट से हरा दिया। जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कश्मीर यूनिवर्सिटी हजरतबल श्रीनगर को पांच विकेट से हरा दिया।

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूनार्मेंट में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) ने चिराग शर्मा के शतक और सक्षम के पांच विकेट के बदौलत अपना विजय अभियान जारी रखा। सेमीफाइनल में एएमयू ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली को 66 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

1 दिसंबर को यूनिवर्सिटी के पवेलियन मैदान पर खेले गए सेमीफाइनल में एएमयू ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 225 रन बनाए। बल्लेबाजों ने शुरूआत अच्छी की। चिराग ने 114 रन बनाए। रिंकू के आउट होते ही दो बल्लेबाज जल्द पवेलियन लौट गए। इससे रन बनाने की रफ्तार धीमी हो गई।



जवाब में उतरी मोहाली की टीम के बल्लेबाजों ने ठोस शुरूआत दी। 14 ओवर में एक विकेट पर 106 रन बन गए। एएमयू के खिलाड़ियों के कंधे झुकने लगे थे। बल्लेबाज जीत की आधारशिला मजबूती के साथ रख रहे थे, तभी ऋतिक के आउट होते ही एएमयू के खिलाड़ियों में जोश भर गया। लगातार विकेट गिरते रहे। समक्ष ने पांच विकेट लेकर टीम की कमर तोड़ दी। आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सके।

पूरी टीम 159 रन पर सिमट गई। एक बल्लेबाज को अंपायर ने स्टंप आउट दे दिया, जिस पर बल्लेबाज ने नाराजगी जताई। इससे 10 मिनट तक के लिए मैच रुक गया। चिराग और सक्षम को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार गेम्स कमेटी के सचिव प्रो. सैयद अमजद रिजवी, प्रो. जमीरउल्लाह खान, प्रो. शमीम ने दिया।

**जामिया और मुरादाबाद की जीत:** नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद ने गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को 10 विकेट से हरा दिया। अमृतसर की टीम 18.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी मुरादाबाद की टीम ने 11.4 ओवर में 111 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ मुरादाबाद की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

# अफगानिस्तान का खिलाड़ी भारतीय कोच गंभीर के समर्थन में उतरा, सर्वश्रेष्ठ कोच और इंसान बताया

**दुबई।** गौतम गंभीर के कोचिंग के तरीकों को लेकर भले ही भारत में अलग अलग राय हो, लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा कि केकेआर के पूर्व मेंटर गंभीर सर्वश्रेष्ठ कोच हैं और उनकी आलोचना से वह हैरान हैं। दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार और उससे पहले न्यूजीलैंड से मिली 0-3 से हार की वजह से गंभीर आलोचना के घेरे में है। भारतीय टीम पिछले सात में से पांच टेस्ट गंवा चुकी है।

आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि गौतम सर की आलोचना सही नहीं है। यहां आईएलटी20 के चौथे सत्र से पहले इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'आपके देश के एक एक अरब 40 करोड़ लोगों में से 20 या 30 लाख उनके खिलाफ हो सकते हैं लेकिन बाकी गौतम सर और भारतीय टीम के साथ हैं।'



उन्होंने कहा, 'वह सर्वश्रेष्ठ कोच, मेंटर और इंसान हैं। मुझे उनके काम करने का तरीका बहुत पसंद है। भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी वनडे टूनार्मेंट जीता, टी20 में एशिया कप जीता। कई सीरीज जीती और सिर्फ एक सीरीज के लिए उन्हें दोषी नहीं ठहरा सकते।' गुरबाज ने कहा कि गंभीर की सबसे बड़ी ताकत केकेआर टीम में ऐसा माहौल बनाना थी जिसमे खिलाड़ी दबाव के बिना, अनुशासन और इत्मीनान से अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'मुझे उनके काम करने का तरीका पसंद है। जब माहौल अच्छा होता है तो आप हमेशा शिखर पर होते हैं। उन्होंने हमारे लिये माहौल अच्छा रखा जिसमे कोई दबाव नहीं

**आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि गौतम सर की आलोचना सही नहीं है। आइए जानते हैं, उन्होंने और क्या कहा...**

था। यही वजह है कि हमने टूनार्मेंट जीता। वह सख्त नहीं है लेकिन अनुशासित हैं। अनुशासन तोड़ने पर वह सख्त हो जाते हैं।'

उन्होंने कहा कि खराब प्रदर्शन होने पर खिलाड़ियों को सहयोग की जरूरत है।

उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेटर होने के नाते मैं खिलाड़ियों को दोष नहीं दूंगा क्योंकि सभी मेहनत करते हैं। हार गए तो क्या हुआ। वे भी इंसान हैं। कई बार आप हारते हैं लेकिन जब हालात प्रतिकूल हों, तब सहयोग की जरूरत होती है।'

# एयरपोर्ट पर बीसीसीआई चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा से चर्चा करते दिखे कोहली, गंभीर से विवाद की अटकलें तेज

**रांची।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज जारी है। पहला मुकाबला रांची में खेला गया, अब दूसरे मैच में दोनों टीमें रायपुर में आमने-सामने होंगी। सोशल मीडिया पर भारतीय टीम का एयरपोर्ट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति के सदस्य प्रज्ञान ओझा से चर्चा करते देखा जा रहा है।

इससे पहले सोशल मीडिया पर रांची वनडे से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसको साझा करते हुए यूजर्स ने दावा किया था कि कोहली ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को अनदेखा कर दिया। दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

### प्रज्ञान ओझा और कोहली के बीच हुई गंभीर चर्चा

रायपुर वनडे से पहले विराट कोहली को एयरपोर्ट पर चयन समिति के सदस्य प्रज्ञान ओझा से किसी गंभीर मुद्दे पर बातचीत करते देखा गया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वहीं, एक और वीडियो सामने आया है जिसमें रोहित शर्मा को प्रज्ञान ओझा के साथ हंसी-मजाक करते देखा जा रहा है। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर भी वहीं मौजूद थे।




**सोशल मीडिया पर भारतीय टीम का एयरपोर्ट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति के सदस्य प्रज्ञान ओझा से चर्चा करते देखा जा रहा है।**

### कोहली ने किया गंभीर को अनदेखा?

इससे पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसको लेकर दावा किया जा रहा था कि गंभीर और कोहली के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को साझा करते हुए यूजर्स दावा कर रहे हैं कि विराट कोहली ने मुकाबला जीतने के बाद गौतम गंभीर को अनदेखा कर दिया। कोहली ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हैं तभी गंभीर को देखकर वह फोन निकालकर चलाने लगे और उन्हें अनदेखा कर आगे निकल गए।

### गंभीर, कोहली और रोहित के बीच सबकुछ ठीक नहीं?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्य कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिस तरह से तीनों एयरपोर्ट पर अलग-अलग बैठे नजर आए, उसने अफवाहों को और हवा दे दी है। प्रशंसकों को उम्मीद है कि दोनों वनडे विश्व कप 2027 में खेलते नजर आएंगे। फिलहाल रोहित और विराट सिर्फ वनडे प्रारूप में खेल रहे हैं और टेस्ट व टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं।




# शिवम का शुभ विवाह रिया के साथ धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विनोद जिंदल, ऊषा जिंदल के सुपुत्र शिवम का शुभ विवाह पूजा अग्रवाल और प्रदीप अग्रवाल की सुपुत्री रिया के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। वेदांता फार्म हाउस में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और वर- वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।




## हाथी के दल में मची है भगदड़ और महावत हंस रहे हैं

सियासत में अगर पार्टी वालों के साथ ही कहीं सबसे बड़ा खेला हो रहा है तो वो हाथी वाला दल है। जब कैडर की मीटिंग होनी है और कैडर वोट बैंक को जोड़ा जाना है तब यहां कैडर वालों के हाथी ने लात मार दी है। कुछ को सूंड में उठाकर पटक दिया है और कुछ को बाहर झटक दिया है। कमाल ये भी है कि डीएम के साथ ही यह हो रहा है लाईन पार वाले डी भी बाहर और झांसी वाले एम भी बाहर। इंसाफ सबके लिए एक कोई दलित मुस्लिम का भेद नहीं है। यहां पर सितम ये है कि एक महावत को निकाला जा रहा है और चार महावतों का हंस-हंस कर दम फूला जा रहा है। वो इस बात से खुश हैं कि वोट मिले या ना मिले, इसे चोट मिली ये बहुत बढ़िया हुआ। कोई नई एन्ट्री हो नहीं रही है और जिन्हें अपमान करके निकल दिया वो एंटी हो जायेंगे। मगर महावतों को देखो, उन्हें इससे मतलब नहीं है। उनके तो अरमान ठंडे हो जायेंगे।

## केसरिया पार्षद बोला हमारा तो नुकसान ही अपनों ने किया है साहब

जनता में केसरिया लहर है मगर शहर वाले केसरिया फूलों को लगता है कि कहर उन पर ही टूटा है। पहले तो कार्यकर्ता ये कहते थे कि उनकी नहीं सुनी जा रही। फिर जब ये बात किसी ने नहीं सुनी तो देवतुल्यों ने कहनी और सुनानी ही बंद कर दी। अब जनप्रतिनिधियों का भी कुछ कुछ यही हाल है। केसरिया पार्षद से जब बात सरकार की मौज वाली हुई तो उसने कहा कि इससे ज्यादा मौज तो हम साईकिल वालों और हाथी वालों के जमाने में ले रहे थे। उसने विकास के किस्से बताये, फंड की कमी बताई और कई वो मामले बताये जब उसे बेमतलब झंड होना पड़ा। उसने बताया कि किस तरह से उसका नुकसान हुआ है। उसने जुबान का लहजा तंजिया कर लिया और बताया कि हमें तो अपनों ने लूटा और सही बात तो ये है कि अपनी ही सरकार में हमारा नुकसान अपनों ने कर दिया। एक सांस में उसने वो नाम लिया जो डैमेज का सबसे बड़ा कारक है।

## उसने कर दिया इंकार, मैं नहीं जाऊंगा उनके यहां शादी का कार्ड देने

मैरिज सीजन चल रहा है और वैसे तो जमाना ई-कार्ड का चल रहा है। लेकिन कुछ दर ऐसे होते हैं जहां सर झुका कर जाना ही पड़ता है। वहां पर ई-कार्ड से काम नहीं चलता और पेपर वाला कार्ड लेकर जाना होता है। शादी के इस सीजन में बड़े नेता ने कार्ड बांटने की जिम्मेदारी वार्ड वाले को दे दी। वार्ड वाला नेता जी का बड़ा ही करीबी है। लेकिन जैसे ही उसने कार्ड पर एक जनप्रतिनिधि का नाम देखा तो तुरंत वो हाथ जोड़ कर खड़ा हो गया। उसने कहा नेता जी मुझसे आप हाथ जुड़वा लो और आप मुझसे पूरी ढाई विधानसभा में कार्ड बंटवा लो। आप मुझसे नगर निगम के पूरे 100 वार्डों में कार्ड बंटवा लो। लेकिन उनके यहां कार्ड देकर आने से हाथ ही जुड़वा लो। उसने कहा कि वहां पहले भी कई लोगों का काफी मान-सम्मान बिना किसी बात के हो चुका है। इसलिए हमने तो उनके दरवाजे पर जाना ही छोड़ दिया है। इसलिए हम सबके यहां चले जायेंगे मगर आप बात को समझो मैं वहां बिल्कुल भी नहीं जाऊंगा।

## नोएडा अथॉरिटी में हड़कंप, आईजी आरएस में लापरवाही पर टॉप 8 अधिकारियों का वेतन रोका

**नोएडा। करंट क्राइम।** नोएडा ऑथरिटी के सीईओ की कार्रवाई से ऑथरिटी में हडकंप मच गया है। सीईओं डॉ. लोकेश एम ने एक बार फिर सख्त तेवर दिखाए हैं। आईजीआरएस पर 12 से ज्यादा शिकायतें लंबित रखने और बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार न करने पर उन्होंने 8 वरिष्ठ अधिकारियों व विभागाध्यक्षों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। इनमें ओएसडी, महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। यह कार्रवाई इतनी अचानक और सख्त थी कि पूरे अथॉरिटी में हड़कंप मच गया।




## किन तीन थानों को मिला जनसुनवाई सुधारने का निर्देश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों सिटी जोन में क्राइम कंट्रोल को लेकर मीटिंग हुई थी। बताया जा रहा है इस मीटिंग में कई रोचक किस्से भी हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मीटिंग के दौरान साहब ने कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सिटी जोन के तीन थानों के प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को बेहतर ढंग से जनसुनवाई करने का निर्देश दिया है। उनका कहना है कि सिटी के तीन ऐसे थाने हैं, जहां सबसे ज्यादा शिकायतें जनसुनवाई के दौरान आती हैं। जिसमें पुलिस की लापरवाही भी देखने को मिलती है। तो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी कहा गया है कि वह प्रतिदिन जनसुनवाई करते हैं तो अधिकारियों को भी इसी का अनुपालन करना चाहिए। बता दें कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक के बाद एक जोनवार क्राइम कंट्रोल को लेकर साल 2026 के लिए प्लान बनाया जा रहा है। जिसके तहत बीते दिनों सिटी जोन की मीटिंग हुई थी। तो वहीं अब नदिया पार वाले जोन की भी मीटिंग हो गई है। वहां के लिए भी कुछ दिशा निर्देश मिलने की जानकारी हुई है। पुलिस सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि अब देहात का भी नंबर आने वाला है। तो इन सबके बीच जानकारी है कि बुधवार को




नदिया पार वाले जोन में एक और बड़े खाने का आयोजन किया जा रहा है। वैसे नदिया पार में यह आधिकारिक रूप से दूसरा और तीसरा बड़ा खाना है। एक खास थाने का बड़ा खाना हुआ, तो था पर उसमें जिन साहब को आना था, वह आए नहीं थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही टू-स्टारों के जोन पर दो साल वाला मामला तेजी पकड़ सकता है। जिसके बाद अलग-अलग जोनवार लिस्ट बनेगी और फिर कई थानों और चौकी के स्तर पर टविस्ट् आएगा। अब देखना होगा कि यह पूरी कार्रवाई दिसंबर के कौन से सप्ताह में शुरू होती है और इसका असर सबसे ज्यादा किस जोन पर पड़ेगा। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में अब भी वह टू-स्टार जमे हुए हैं, जो अंडर ट्रांसफर थे, कुछ को खास जगह पर रोका गया है। तो कुछ जुगाड़ से जमे हुए हैं। वैसे सिटी जोन के जिन तीन थानों को जनसुनवाई में सुधार करने का निर्देश दिया गया है, उसमें सबसे ज्यादा टेंशन और अटेंशन वाला थाना है। तो नदी के बराबर से लगा थाना भी शामिल है। इसके साथ ही लाइन पार वाले थाने का नाम भी इस लिस्ट में आया बताया जा रहा है।

# एसीपी के आश्वासन पर संजयनगर हनुमान मंदिर में तालाबंदी का प्रस्ताव ट्रस्ट ने लिया वापस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजयनगर सेक्टर-23 हनुमान मंदिर में लगातार हो रही चोरियों के विरोध में मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर में तालाबंदी का प्रस्ताव रखा था। इसी मुद्दे पर मंगलवार को एसीपी कविनगर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मंदिर पहुंचे और ट्रस्ट पदाधिकारियों से विस्तृत वार्ता की। एसीपी ने स्पष्ट कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। एसीपी के आश्वासन के बाद मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर में तालाबंदी का प्रस्ताव वापस ले लिया। अधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान एसीपी ने



बताया कि मंदिर में चोरी करने वाले अपराधियों तक पुलिस बहुत नजदीक पहुंच चुकी है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। एसीपी ने घटना की निंदा करते हुए बताया कि मंदिर की सुरक्षा के लिए पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी रात 3 बजे तक मंदिर के बाहर तैनात रहेगी। साथ ही मंदिर के पास ही स्थायी पुलिस सहायता केंद्र खोलने की घोषणा की, जिसका उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी वीके अग्रवाल ने बताया कि एसीपी बलिराम मौर्य, थाना प्रभारी अरुण बालियान और जांच टीम 5 दिनों में ही अपराधियों के करीब पहुंच चुकी है।

इसे देखते हुए ट्रस्ट, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और गणमान्य लोगों ने पुलिस पर भरोसा जताते हुए मंदिर बंद करने का प्रस्ताव वापस ले लिया। पुलिस टीम की तत्परता पर उपस्थित लोगों ने एसीपी, थाना प्रभारी और पूरी टीम का सम्मान किया।

ट्र स्ट के मीडिया प्रभारी डॉ. बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र की जनता में विश्वास बढ़ा है और अब किसी भी अपराधी की हिम्मत नहीं होगी कि वह धार्मिक स्थलों पर चोरी का प्रयास करे। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुजारी और सामाजिक कार्यकर्ता मंदिर पहुंचे। अंत में मंदिर परिसर में करीब एक घंटे तक हनुमान चालीसा और भजन किए गए।

## संभव में नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं, टीम भेजकर कराया निस्तारण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही टीम भेजकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 13 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक शिकायतें स्वास्थ्य और उद्यान विभाग से संबंधित थीं। शिकायतें नंदग्राम, दीनदयाल पुरी, दीना गढ़ी, स्वर्ण जयंतीपुरम, गोविंदपुरम, सेक्टर-23 संजय नगर, विजयनगर, शक्ति खंड इंदिरापुरम, रईसपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आईं।



नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का तत्काल और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कई पार्षदों ने भी क्षेत्र की समस्याओं पर सुझाव दिए।

**विभागवार प्राप्त शिकायतों का विवरण**

- निर्माण विभाग : 1
- स्वास्थ्य विभाग : 3
- उद्यान विभाग : 3
- प्रकाश विभाग : 2
- संपत्ति विभाग : 1
- नजारत विभाग : 1
- जलकल विभाग : 1
- अतिक्रमण : 1

## एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने वेव सिटी सर्किल की ली समीक्षा बैठक

### क्राइम कंट्रोल, अपराधियों पर एक्शन और जनसुनवाई बेहतर करने का दिया निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने थाना वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक के विवेचकों के साथ मीटिंग की। इस दौरान एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल मौजूद रहे। तो एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने इस दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने का प्लान, अपराधियों पर निरंतर कार्रवाई और जनसुनवाई बेहतर बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही थाना परिसर के कैमरे, आसपास साफ-सफाई और साइबर फ्रॉड के मामलों को प्रमुखता से सुलझाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने छह माह से लंबित पड़े मामलों को लेकर गंभीर दिखाने और हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं।



## संदिग्ध हालत में डिलीवरी बॉय का शव मिला परिजनों का हत्या का आरोप



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शेरपुर सौदा मार्ग पर गांव फफराना ईंट भट्टे के पास देर रात एक डिलीवरी बॉय का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मंगलवार सुबह परिजनों ने मोदीनगर के जीवन अस्पताल के बाहर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि, पुलिस इसे सड़क हादसा बता रही है। मृतक की पहचान गांव सौंदा निवासी विपिन कश्यप के रूप में हुई है, जो डिलीवरी बॉय का काम करता था। सोमवार को वह काम पर मोदीनगर गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। रात करीब 12 बजे परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान, शेरपुर सौदा मार्ग पर गांव फफराना ईंट भट्टे के पास विपिन की बाइक पड़ी मिली। थोड़ी दूरी पर ही विपिन भी लहूलुहान हालत में खेत में पड़ा हुआ था। परिजन उसे तुरंत मोदीनगर के जीवन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह जीवन अस्पताल के बाहर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि विपिन की हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला सड़क हादसे का लग रहा है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। घटना स्थल को लेकर निवाड़ी में मोदीनगर पुलिस को तीन घंटे तक सीमा विवाद में उलझना पड़ा।



## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी के सुपुत्र प्रशांत कौशिक जहां एक सफल व्यवसायी हैं वहीं समाज सेवा एवं सनातन में भी उनकी हमेशा अग्रणी उपस्थिति दिखाई देती है। पिता के सिद्धांतों को वह एक कुशल पुत्र की तरह आगे लेकर चल रहे हैं। व्यवसायिक गतिविधियों से समय निकालकर अकसर वह धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हुए दिखाई देते हैं। मंगलवार को प्रशांत कौशिक ने आस्था श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्री जागेश्वर धाम में दर्शन किए और पूजा अर्चना की। प्रशांत कौशिक ने अपनी आस्था को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

# NDRF ने गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

**कोलंबो।** चक्रवात 'दित्वाह' से श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन का कहर जारी है, जहां कई इलाके पूरी तरह कट गए हैं। इस संकट के बीच भारत का ह्यऑपरेशन सागर बंधुह्ल सबसे बड़ी उम्मीद बना है।भारतीय एनडीआरएफ ने पुत्तलम में मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तुरंत चिकित्सा मदद पहुंचाई।



श्रीलंका इन दिनों चक्रवात ह्यदित्वाहह्ल से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है। बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई।

बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे ऑपरेशन ह्यसागर बंधुह्ल नाम दिया गया है। इसी राहत अभियान में भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने 5.5 टन से अधिक राहत सामग्री हवा से गिराई। कई क्षेत्रों में जमीन पर उतरना संभव नहीं था, इसलिए हेलीकॉप्टरों से सामग्री ऊपर से पहुंचाई गई। वायुसेना ने गंथुना इलाके से चार गंभीर रूप से घायल लोगों को एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बचाई जा सकी।

### नौ महीने की गर्भवती महिला को बचाया

भारतीय उच्चायोग के अनुसार, पुत्तलम जिले में एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। इसके अलावा एनडीआरएफ टीमों ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर लगभग 800 लोगों तक खाने और जरूरी सामान की सप्लाई पहुंचाई, जो बाढ़ के कारण फंसे हुए थे।

### लापता लोगों की तलाश जारी, जानिए पूरा अपडेट

गौरतलब है कि बड़ौदा जिले में लापता लोगों की तलाश भी जारी है, जहां एनडीआरएफ ने पांच फीट से ज्यादा मलबे के नीचे से एक व्यक्ति का शव निकाला। इसके अलावा, भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सुकन्या से त्रिंकोमाली पहुंची राहत सामग्री को श्रीलंका वायुसेना ने पूर्वी प्रांत के बेहद प्रभावित इलाकों तक पहुंचाया। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) के मुताबिक, 25 जिलों के 382,651 परिवारों यानी लगभग 13.7 लाख लोग खराब मौसम से प्रभावित हुए हैं।

## यूरोपीय संघ के रक्षा फंड में शामिल हुआ कनाडा, अमेरिका से बढ़ रही दूरी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक बयान में कहा, 'SAFE में कनाडा की भागीदारी से सैन्य क्षमता की कमियों को दूर किया जाएगा, इससे कनाडाई निर्यातकों के लिए मार्केट का विस्तार होगा, और कनाडा में यूरोपियन रक्षा निवेश को बढ़ावा मिलेगा।'



यूरोपीय संघ रक्षा फंड में कनाडा भी शामिल हो गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कनाडा के इस कदम को सैन्य खर्च के लिए अमेरिका पर निर्भरता से दूर जाने के तौर पर देखा जा रहा है। यूरोपीय संघ के रक्षा फंड में शामिल होने के बाद कनाडा को 150 अरब यूरो का रक्षा कर्ज आसानी से मिल सकेगा। यूरोपीय संघ के इस रक्षा फंड को यूरोप के लिए सुरक्षा कार्रवाई के नाम से जाना जाता है। इस समूह में शामिल होने के बाद कनाडा की कंपनियों को विभिन्न रक्षा उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ का सस्ता लोन मिल सकेगा। यूरोप के लिए सुरक्षा कार्रवाई यूरोपीय संघ (एव) का एक वित्तीय साधन है जिसका उद्देश्य सदस्य देशों को साझा रक्षा खरीद के लिए 150 अरब यूरो तक की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह यूरोपीय संघ के उधार के माध्यम से वित्तपोषित किया जाएगा और इसका लक्ष्य यूरोपीय रक्षा और औद्योगिक आधार को मजबूत करना, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देना और यूरोपीय रक्षा को मजबूत करना है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक बयान में कहा, 'SAFE में कनाडा की भागीदारी से सैन्य क्षमता की कमियों को दूर किया जाएगा, इससे कनाडाई निर्यातकों के लिए मार्केट का विस्तार होगा, और कनाडा में यूरोपियन रक्षा निवेश को बढ़ावा मिलेगा।'

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में अफसर समेत चार की मौत

**नई दिल्ली।** रूसी संसद का निचला सदन ड्यूमा भारत के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते को मंजूरी के लिए मंगलवार को मतदान करेगा। भारत-रूस पारस्परिक रसद आदान-प्रदान समझौते (आरईएलओएस) पर मतदान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 4 दिसंबर से शुरू हो रही भारत की राजकीय यात्रा से पहले होने वाला है। रूसी सरकार का मानना है कि आरईएलओएस समझौते से रूस और भारत के बीच सैन्य क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा।

इसका का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य अभियानों के लिए समन्वय प्रक्रिया को आसान बनाना है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, इस समझौते से सैन्य अभ्यास और आपदा राहत अभियान समेत संयुक्त गतिविधियों के लिए प्रक्रियाएं सरल करके सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। इसके लिए उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट कर वेंटिलेशन पर रखा गया। इसी बीच बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय डॉक्टरों की विशेष टीम भी इलाज के लिए बांग्लादेश पहुंची। दूसरी ओर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।



बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई।

अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डॉ शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवंबर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है।

**अस्पताल के बाहर बढाई गई सुरक्षाः** दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है।

खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है।

## इमरान से मुलाकात कर जेल से बाहर आई बहन उजमा

### इमरान खान का स्वास्थ्य ठीक, लेकिन उन्हें परेशान किया जा रहा : उजमा

**रावलपिंडी।** इमरान खान की बहन उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत मिल गई है। सरकार की ओर से अनुमति मिलने के बाद इमरान खान एक महीने बाद अपने किसी परिजन से मुलाकात करेंगे।

पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी। 2023 से जेल में बंद इमरान खान से उनकी बहन उजमा खान ने मुलाकात की है। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए उजमा खान ने कहा कि, इमरान खान का स्वास्थ्य ठीक है, लेकिन उन्हें जेल में परेशान किया जा रहा है। उन्हें पूरे दिन जेल में बंद रखा जाता है।

बता दें कि पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई थी। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है।

**बहन उजमा खातून को मुलाकात के लिए बुलाया**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डॉ. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डॉ. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की



जानकारी सामने आएगी।

वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डॉ. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस ऑफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं।

**पंजाब में धारा 144 लागू**

पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है। स्कूल और कॉलेज बंद हैं। इलाके से गुजरने के लिए लोगों को अपना आईडी कार्ड दिखाना जरूरी है। वकीलों के एक ग्रुप ने इमरान खान को आइसोलेशन में रखने के लिए सरकार के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर प्रदर्शन भी किया। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में किसी भी कीमत पर धारा 144 का पालन पक्का किया जाएगा। चाहे वे इस्लामाबाद हाईकोर्ट आएं या अदियाला जेल, धारा 144 के तहत बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रंप ने उठाया ऐसा कदम, खत्म हो जाएगी रूस-यूक्रेन जंग!

## पुतिन से मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति के ये खास 'दूत'

**मॉस्को।** करीब तीन साल से ज्यादा वक्त से जारी रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के लिए अमेरिका की तरफ से प्रयास तेज किए जा रहे हैं। इस कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।



रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों में एक नया मोड़ आया है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ मंगलवार को रूस की राजधानी मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि वे एक शुरूआती शांति प्रस्ताव लेकर आए हैं, जिसे अमेरिका युद्ध खत्म करने की दिशा में एक अवसर के रूप में देख रहा है। इसी दौरान, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की यूरोप के देशों के दौरे पर निकले हैं और मंगलवार को वे आयरलैंड पहुंचे। यह दौरा यूरोपीय समर्थन को मजबूत करने के लिए है, क्योंकि यूरोप यूक्रेन की लड़ाई में बड़ा सहयोगी रहा है।

### दो मोर्चों पर अमेरिका की कूटनीति

पिछले कुछ महीनों से शांति प्रयासों में सफलता न मिलने पर, अमेरिका ने अब तेजी से पहल शुरू की है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो यूक्रेन अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। वहीं अब विटकॉफ रूस से बातचीत करेंगे। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका दोनों पक्षों को एक मध्य मार्ग पर लाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि बातचीत अभी शुरूआती स्तर पर है और बहुत कम जानकारी सार्वजनिक हुई है।

### यूरोप भी चाहता है समाधान

यूरोपीय देश इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। उन्हें डर है कि अगर रूस को ज्यादा रियायतें मिलीं, तो आगे उसके और भी विस्तारवादी कदम उठाने का खतरा रहेगा। इसके साथ ही यूरोपीय नेताओं के सामने यह सवाल भी है कि यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद आगे कैसे जारी रखी जाए, क्योंकि संसाधन सीमित हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बताया कि उन्होंने, जेलेंस्की ने और विटकॉफ ने आठ यूरोपीय नेताओं, ईयू और नाटो प्रमुखों के साथ एक संयुक्त बातचीत की है। मैक्रों का कहना है कि आने वाले कुछ दिन बेहद अहम होने वाले हैं।

कूटनीतिज्ञों के मुताबिक मुख्य टकराव दो बातों पर है। जिसमें पहला ये कि कौन सा क्षेत्र किसके नियंत्रण में रहेगा? जबकि दूसरा यह है कि भविष्य में यूक्रेन की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? इन दोनों सवालों पर अभी कोई सहमति नहीं बन पाई है।

### जेलेंस्की पर दबाव बढ़ा

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की स्थिति चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। एक तरफ युद्ध जारी है, वहीं दूसरी ओर सरकार में भ्रष्टाचार के आरोप उभर रहे हैं। इसके साथ-साथ यूक्रेनी अर्थव्यवस्था मुश्किल में है और रूस सैन्य रूप से दबाव बढ़ा रहा है। सोमवार देर रात रूस ने दावा किया कि उसने पूर्वी यूक्रेन के महत्वपूर्ण शहर पोक्रोव्स्क पर कब्जा कर लिया है। लेकिन जेलेंस्की ने कहा कि लड़ाई अभी भी जारी है।

## अमेरिकी कंपनी की CEO भारत की मुरीद हुई

### 10 मिनट की डिलिवरी सर्विस पर कहा- US काफी पीछे लगता...

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी की CEO वरुणी सरवाल ने भारत यात्रा का अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत में मिल रही डिलिवरी सेवा की मुरीद हो गई हैं। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भारत 2030 में जी रहा है, जबकि वर अब भी काफी पीछे है। जानिए वरुणी ने भारतीय सिस्टम की सराहना करते हुए और क्या बातें लिखीं।

भारत वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। खेल, आईटी और सर्विस सेक्टर में यहां के पेशेवर कई बार अपना लोहा मनवा चुके हैं। दरअसल, कई मायनों में पूरी दुनिया में अपनी हस्ती साबित कर चुके भारतीयों ने इस बार अपनी सरजमीं पर श्रेष्ठता साबित की है। इसका ब्यौरा खुद एक युवा उद्यमी और अमेरिकी कंपनी की शीर्ष अधिकारी ने साझा किया है। भारत के कई शहरों में आम हो चुकी 10 मिनट की डिलिवरी सर्विस का जिक्र करते हुए वरुणी सरवाल नाम की इस



युवा पेशेवर ने कहा, अब ऐसा लगने लगा है कि अमेरिका में दो दिनों के भीतर हो रही प्राइम डिलीवरी इतिहास की बात हो चुकी है।

**अमेरिकी कंपनी की उएड भारत की मुरीद हुईः** 10 मिनट की डिलिवरी सर्विस पर वरुणी ने कहा कि वर अब काफी पीछे लगने लगा है। उन्होंने लिंक्डइन पर लिखे यात्रा अनुभव में कहा, 'मैंने अभी-अभी भारत में तीन हफ्ते बिताए... ऐसा महसूस हुआ कि अमेरिका में दो दिन में होने वाली प्राइम डिलिवरी भारत की 10 मिनट वाली डिलिवरी जैसी सच्चाई के मुकाबले पुरानी हो चुकी है। हम इनोवेशन में अमेरिका के आगे होने की बात करते हैं, लेकिन... भारत 2030 में जी रहा है।'

**10 मिनट की डिलीवरी सर्विस पर कही ये बातः** वरुणी ने अपने पोस्ट की शुरूआत में ही भारत और अमेरिका की तुलना की। उन्होंने लिखा, 'सैन फ्रांसिस्को में सेल्फ-ड्राइविंग कारें हैं। इंडिया में सब कुछ 10 मिनट में होता है। लेकिन अमेरिका वापस लौटने के बाद 10 मिनट की तेजी बहुत याद आएगी।'

**भारत 2030 में जी रहा है**

उन्होंने लिखा कि भारत आने पर उनके लिए सबसे बड़ा सांस्कृतिक झटका यहां का ट्रैफिक या खाना नहीं था। बकौल वरुणी, 'यह महसूस हुआ कि भारत की 10-मिनट रियलिटी के मुकाबले अमेजन प्राइम की दो-दिन वाली डिलीवरी पुरानी लगती है।'

## अमेरिका की श्रम-शक्ति पर बढ़ता खतरा, फोर्ड सीईओ ने कहा- चीन से तुलना करें तो हम बहुत बड़ी मुश्किल में हैं

**नई दिल्ली।** जिम फार्ले की चेतावनी अमेरिका के लिए नींद से जागने की घंटी है। अगर स्किल्ड ट्रेड वर्कर्स की कमी को दूर नहीं किया गया, तो यह देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

फोर्ड मोटर कंपनी के सीईओ जिम फार्ले ने हाल ही में अमेरिका की श्रम-शक्ति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कंपनी को लगभग 5,000 स्किल्ड मैकेनिक के पद भरने में दिक्कत हो रही है। जबकि इन नौकरियों के लिए 1,20,000 डॉलर तक का वेतन दिया जा रहा है। फार्ले के अनुसार, यह समस्या सिर्फ फोर्ड तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अमेरिका को एक गहरे संकट की तरफ ले जा रही है।

**चीन से तुलना ने खोली पोल**

एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में फार्ले ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जब आप हमें चीन से तुलना करते हैं, तो हम गहरी मुसीबत में हैं।



उनके अनुसार, अमेरिका में आपातकालीन सेवाओं, ट्रकिंग, प्लंबिंग, फैक्ट्री वर्क और अन्य ट्रेड्स में 10 लाख से अधिक नौकरियां खाली पड़ी हैं। यह कमी इतनी गंभीर है कि यह देश की कार्यक्षमता और आर्थिक भविष्य के लिए खतरा बन सकती है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल**

फार्ले का कहना है कि ट्रेड वर्कर्स की कमी केवल नौकरी भरने का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने अपने दादा का उदाहरण भी दिया, जो फोर्ड की असेम्बली लाइन पर काम करते थे और इसी काम से उन्होंने मध्यवर्गीय जीवन बनाया।

फोर्ड हाल में अमेरिका और कनाडा में यूनियन समझौतों को मंजूरी देने वाली पहली बड़ी ऑटोमेकर बनी। फार्ले ने बताया कि कंपनी ने अपना टू-टियर वेज सिस्टम खत्म कर दिया, जिससे अब सभी कर्मचारियों को समान वेतन मिलता है। उन्होंने कहा, अब इन लोगों के पास फोर्ड में मेरे दादा की तरह एक स्थायी करियर है।

**कोविड से मिली सीखः मजदूरों की असल मुश्किलेंः** फार्ले ने बताया कि महामारी के दौरान कई कर्मचारियों ने खुलकर कहा कि वे गुजर-बसर करने के लिए एक से अधिक नौकरियां कर रहे थे। इसी के बाद फोर्ड ने वेतन संरचना में बड़े बदलाव किए और कर्मचारियों को बेहतर आर्थिक स्थिरता देने की दिशा में कदम उठाए। फार्ले का मानना है कि यह कदम पूरे उद्योग में स्किल्ड वर्कफोर्स को मजबूत करने के लिए जरूरी था।

फार्ले ने जोर देकर कहा कि यह संकट सिर्फ फोर्ड का नहीं है, यह पूरे देश का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि समाधान तभी निकलेगा जब सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थान मिलकर काम करेंगे और ट्रेड वर्क को समाज में सम्मान मिलेगा। जिम फार्ले की चेतावनी अमेरिका के लिए नींद से जागने की घंटी है।

## पहली बार धमाके में महिला फिदायीन का इस्तेमाल

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान के चगाई में फ्रंटियर कोर के एक सुरक्षित परिसर पर रविवार शाम को बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने हमला किया। यह परिसर चीन के कॉपर और गोल्ड माइनिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा हुआ है। इस हमले में छह पाकिस्तानी जवानों की मौत हुई। हमले की खास बात यह है कि बीएलएफ ने दावा किया है कि यह पहली बार कि जब उसने किसी भी हमले में महिला आत्मघाती हमलावर का इस्तेमाल किया। हमलावर का नाम जरीना रफीक, जिसे ट्रांग महू भी कहा जाता है। जरीना ने सुरक्षा गेट पर खुद को विस्फोट से उड़ा दिया ताकि अन्य बीएलएफ के लड़ाके मुख्य परिसर में घुस सकें।

मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि इस हमले से बीएलएफ की रणनीति बदल गई है। अब वे सीधे महत्वपूर्ण और विदेशी निवेश वाले प्रोजेक्ट्स को निशाना बना रहे हैं। यह परिसर साइंडक और रेको दीक प्रोजेक्ट्स से जुड़ा हुआ है, जिनमें चीनी कंपनियों और एक कनाडाई कंपनी का भी काम है। इस हमले को लेकर बीएलएफ ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि यह



**बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने दावा किया है कि पहली बार उसने महिला फिदायीन का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के फ्रंटियर कोर के एक सुरक्षित परिसर पर हमला किया। यह परिसर चीन के कॉपर और गोल्ड प्रोजेक्ट से जुड़ा है। हमलावर ने सुरक्षा गेट पर खुद को विस्फोट से उड़ा दिया, जिससे अन्य बीएलएफ लड़ाके परिसर में घुस सके।**

ऑपरेशन उनके 'आत्मसमर्पण' यूनिट, साद्दो ऑपरेशनल बटालियन (एसओबी) के जरिए किया गया, जो शहीद कमांडर वाजा सादो के नाम पर है।

**बीएलए ने भी किए कई जगहों पर हमलेः** इतना ही नहीं इसी दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने भी कई जगहों पर हमले किए। 28-29 नवंबर के बीच उनके हमलों में 27 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए। इस बात को लेकर बीएलए ने कहा कि उन्होंने मोटरवे और हथियारों पर कब्जा भी कर लिया।

### बीएलए के हमलों में कौन-कौन से हमले शामिल थे

बता दें कि बीएलए के हमलों में ग्वादर के पास्नी इलाके में पाकिस्तानी सेना के कोस्ट गार्ड कैंप पर ग्रेनेड लॉन्चर से हमला किया गया। इसी तरह ग्वादर के जीवानी इलाके में सेना के खुफिया कर्मियों को रिमोट कंट्रोल एलईडी से निशाना बनाया गया। मस्तुंग शहर में एक पाकिस्तानी मेजर के घर पर भी हमला किया गया। इसके अलावा क्वेटा के रक्षा प्रतिष्ठानों में छह धमाके हुए। राज्य सुरक्षा बल और बम निष्क्रिय टीम जब हमलों की जगहों की ओर बढ़े, उन्हें भी निशाना बनाया गया और इसमें भी कई घायल और मारे गए। ऐसे में इन हमलों से स्पष्ट होता है कि बलूच अलगाववादी संगठन अब ज्यादा संगठित और जानलेवा तरीके से उच्च मूल्य वाले लक्ष्य पर हमला कर रहे हैं, जो क्षेत्र में सुरक्षा और निवेश दोनों के लिए चिंता का विषय है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# एएसडी वोटर्स की अधिक संख्या वाले बूथों का निरीक्षण

# मुरादनगर विधानसभा में एडीएम प्रशासन ने की पड़ताल

## एसआईआर अभियान के तहत बूथ 328 से 340 तक एएसडी वोटर्स का सत्यापन

**- अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं की विशेष जांच**





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** मतदाता सूची को सटीक बनाने के लिए चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मुरादनगर विधानसभा में प्रशासन सक्रिय मोड में दिखाई दिया। बूथ संख्या 328, 329, 330, 331, 332, 333, 334 और 340, जहाँ एएसडी मतदाताओं की संख्या अधिक दर्ज हुई थी, वहां एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या ने सोमवार को मौके पर विस्तृत निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण बीएलओ से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर किया गया, जिनमें ऐसे नाम चिह्नित किए गए जो या तो अनुपस्थित, अन्य स्थान पर शिफ्ट, या मृत होने के बावजूद वोटर लिस्ट में शामिल थे। एडीएम प्रशासन ने बीएलओ को निर्देशित किया कि एसआईआर अभियान के अंतर्गत एएसडी श्रेणी में दर्ज सभी मतदाताओं का डोर-टू-डोर पुनः सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं फर्जीवाड़ा-मुक्त सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने मतदाताओं से भी अपील की कि अगर कोई व्यक्ति नई जगह शिफ्ट हुआ है या किसी प्रकार का बदलाव हुआ है, तो वह तुरंत संबंधित निर्वाचन कार्यालय को सूचित करे ताकि सूची को समय पर अपडेट किया जा सके।

**श्रद्धांजलि**



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नोएडा के लोकसभा सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री महेश शर्मा की माता ललिता शर्मा का बीते दिनों निधन हो गया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना पहुंचे। जगदीश साधना ने स्वर्गीय ललितादेवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से मैम्बर मैडम के हमले वाले मामले में पुलिस ने दी है चिट क्लीन? तब से बहुत ज्यादा कन्फ्यूज हो गया है पूरा सीन? अब घटना खालीस थी या उसमें थी कोई पोलिश? इस पर भगवागढ़ के चेहरे हो गये हैं खामोश? अब पहले जैसा दिखाई नहीं दे रहा है शिकायत वालों का भी जोश? कहने वाले ने कहा हो सकता है किसी बड़े जवाब के साथ वापसी की तैयारी चल रही हो? उनका अंदाज ही ऐसा है कि वो नहीं रह सकते हैं खामोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांसद अतुल गर्ग रखते हैं पूरा प्रोटोकॉल का ध्यान? हमने उनका यह अंदाज तब देखा? जब हो रहा था इन्दिरापुरम में मन की बात का प्रोग्राम? भले ही वो थे पूर्व वालों के यहां पर विराजमान? मगर उनका था वर्तमान वालों के ऊपर भी ध्यान? उन्होंने मौजूदा वालों के लिए मिलवाया था कार्यक्रम में आने के लिए फोन? मगर सामने से बिजी आती रही उनके मोबाईल की टोन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस वक्त नदिया पार में हैवीवेट वालों के आदेशों का पालन करने के लिए हरीचंद भैया ने लगाया हुआ है पूरा जोर? सुना है वो फोन पर तो पार्षदों को अलर्ट कर रहे हैं? मगर मौके का मामला वो नहीं कर रहे हैं इग्नोर? सुना है उन्होंने डाल दिया था राजकुमार भाटी के यहां पर सवेरे ही डेरा? मगर काम नहीं आया उनका ये घेरा? पार्षद ने कहा मैं यहां तक आया हूं? जब हरीचंद भैया ने कहा तो फिर जल्दी आ जाओ? तब पार्षद बोले आ नहीं सकता मैं दावत में आया हूं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निर्माण वाले एई की शादी का चल रहा था सीन? यहां पर भगवागढ़ के पार्षद मौजूद थे तीन? तीनों आपस में कर रहे थे बढ़ा हुआ हाउसटैक्स नहीं कम होने पर विचार? कह रहे थे हम हैरान इस बात पर हैं ऐसी स्थिति तब बन रही है जब है हमारी सरकार? सुना है ये दावत लेते हुए दिख रहे थे बहुत ही निराश? कह रहे थे अगले चुनाव में हम कैसे जनता के बीच में जायेंगे? कुछ तो बताओ आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व मैम्बर तेजपाल राणा का आजकल फिर दिखने लगा है आना-जाना? फिर से देने लगे हैं ये सक्रियता का एहसास? हमने देखा इन्होंने अपने बर्थडे पर लगवाये क्षेत्र में काफी सारे होर्डिंग? इसके अलावा आजकल ये दिखाई दे रहे हैं बड़े नेताओं के भी साथ? कहने वाले ने कहा लग रहा है इनके दिल में फिर से जग गये हैं राजनीति करने के जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप लिखकर रख लो हमारी बात? कार्यक्रम अगर पार्टी का है तो कोई बात नहीं? कार्यक्रम अगर सरकारी होगा तो उसमें नजर नहीं आयेंगे मिस्टर गर्ग और मिस्टर शर्मा? हालांकि ये दोनों पार्टी के छोटे-मोटे कार्यक्रम में रहेंगे एक दूसरे से दूर? मगर कार्यक्रम बड़ा हुआ तो उसमें ये जरूर दर्शन देंगे हुजूर? यहां मामला काफी डिस्टेंस वाला हो गया है? अब दूरियां आगे-आगे और भी बढ़ेंगी हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों सरकारी महकमें से करेक्टर सर्टिफिकेट बनवाने वालों की उड़ गई है स्माईल? हम घूम रहे थे वहां के गलियारों में? हमें पता चला यहां तो कई महीनों से पास ही नहीं हुई है उनकी फाईल? कहने वाले ने कहा हम हैं बहुत ज्यादा परेशान? आखिर जब तक हमारा सर्टिफिकेट नहीं बनेगा? तो कैसे होंगे हमारे काम? फाईल रूकने से रोजगार का नहीं हो रहा है समाधान? समझ नहीं आ रहा किस माले पर अटक गया है हमारा काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम चाहते हैं आप करो कुछ ऐसे चेहरों की भी बात? जो भगवागढ़ की राजनीति में तो आये? मगर भगवा वालों ने नहीं रखा उन पर उनके कद के हिसाब से मजबूत हाथ? यहां पर आप जरूर करो पूर्व मेयर प्रत्याशी श्यामवीर चौधरी का भी जिक्र? क्यों नहीं कर रहे हैं भगवा वाले उनकी कोई फिक्र? हम कर रहे हैं इस बात का इंतजार? समय बहुत बीत गया है कब आयेगी इनके ऊपर बहार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कर रहे हैं इस बात का इंतजार? कब आयेंगे पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी के चुनावी अरमान बाहर? हालांकि उन्होंने हल्के हल्के देने शुरू कर दिये हैं संकेत? वो अपने साथियों से कह रहे हैं कि खाली नहीं बैठने वाला है हमारा फेस? जल्द ही देंगे हम मजबूत दस्तक? हमें पता है हमारे साथ जुड़े हुए हैं बहुत सारे समर्थकों के मस्तक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नीले दल के एक मुस्लिम महावत का नहीं लग रहा है अब यहां दिल? वह छोड़ दे हाथी मगर उनके सामने है एक मुश्किल? वह बंधे हुए हैं झांसी से लेकर तनुश्री वालों के वफादारी वाले खूंटे से? वह देख रहे हैं अब अपने पोलिटिकल कैरियर के लिए नया ख्वाब? सुना है वह होना चाहते हैं कांग्रेसी मगर सपा में नहीं जाएंगे जनाब? उन्हें लग रहा है कि सपा में पहले ही काफी मुस्लिम लीडर है इसलिए वहां जाकर होगा केवल बसपा की तरह समय खराब? ना जाने क्या होगा उनकी राजनीति का तसुव्वर? समझ तो गये होंगे मिस्टर मुन...र?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# जिला एवं सत्र न्यायालय गाजियाबाद ने शुरू किया आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल

## डिजिटल पारदर्शिता की दिशा में न्यायालय का बड़ा कदम

## नागरिक लें त्वरित सूचनाओं का लाभ

**- महत्वपूर्ण घोषणाएँ और प्रशासनिक अपडेट अब सीधे मोबाइल पर उपलब्ध**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद ने न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपना आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल शुरू किया है। इस चैनल के माध्यम से नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय से जुड़े अन्य व्यक्तियों को न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर प्राप्त हो रही हैं। इस सम्बंध में सभी नागरिकों से अपील है कि वे भी इस आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें और न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी लेकर उसका लाभ प्राप्त करें।




जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद के अनुसार, इस चैनल का उद्देश्य केवल सूचनात्मक जानकारी साझा करना है। इसमें किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत संवाद या शिकायत निवारण नहीं किया जाएगा। चैनल के माध्यम से न्यायालय की कार्यप्रणाली, अवकाश संबंधी सूचनाएँ, महत्वपूर्ण न्यायिक आदेशों की जानकारी, और अन्य प्रशासनिक घोषणाएँ समय-समय पर साझा की जा रही हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद का कहना है कि इस पहल से जनता को त्वरित सूचना प्राप्त करने में सुविधा होगी और न्यायिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। डिजिटल माध्यम से जानकारी साझा करने की यह पहल न्यायालय के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस तरह की डिजिटल पहलें न्यायिक तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ-साथ जनता तक न्यायालय की उपयोगी सूचनाओं को तेजी और पारदर्शी तरीके से पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं।

# दिल्ली में छात्र के अपहरण के लिए की थी टैक्सी चालक की हत्या

## 160 कैमरों की जांच के बाद आरोपियों तक पहुंची पुलिस

**- विजयनगर पुलिस ने 22 दिन में किया हत्याकांड का खुलासा**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दिल्ली में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण की साजिश रचने के लिए टैक्सी चालक की निर्मम हत्या करने वाले दो आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विजयनगर थाना पुलिस और एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने इस सनसनीखेज मामले का पदार्फाश किया। मृतक टैक्सी चालक हरिराम पोद्दार की हत्या कर शव को गाजियाबाद क्षेत्र में फेंका गया था। इस जघन्य वारदात की जांच में पुलिस ने 160 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद आरोपी गोविंद, शनि उर्फ छोटू, निवासी बदायूं (वर्तमान में नोएडा में मजदूरी), पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

### अलीगढ़ से बुक की थी टैक्सी, गाजियाबाद में उतारा मौत के घाट

**करंट क्राइम ।** एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों ने 3200 रुपये में अलीगढ़ से टैक्सी बुक की थी। वे दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक कोठी में मजदूरी करते थे। वहीं पास में रहने वाले एक व्यापारी के बेटे का अपहरण कर फिरौती वसूलने की योजना बनाई गई थी। साजिश को अंजाम देने के लिए उन्हें टैक्सी की जरूरत थी। जब चालक हरिराम ने उनकी बात नहीं मानी, तो आरोपियों ने प्लास्टिक की रस्सी से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र में फेंक दिया। दोनों आरोपी दिल्ली नजफगढ़ में एक कोठी में काम करते थे। वहीं उन्होंने व्यापारी के बेटे को अगवा कर मोटी फिरौती वसूली की योजना बनाई थी। योजना के तहत पहले टैक्सी हायर की गई, फिर चालक की हत्या कर उसकी गाड़ी का इस्तेमाल करने का इरादा था। लेकिन हत्या के बाद पुलिस की सक्रियता और तकनीकी साक्ष्यों ने उनकी पूरी योजना ध्वस्त कर दी।




### प्लास्टिक की रस्सी, मोबाइल, दस्तावेज सहित अहम सबूत बरामद

**करंट क्राइम ।** इंस्पेक्टर विजयनगर धर्मपाल सिंह और उनकी टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का मोबाइल फोन, टैक्सी की आरसी, मृतक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, घटना में इस्तेमाल प्लास्टिक की रस्सी, मृतक का अंगोछा बरामद किया है। पुलिस को कई ऐसे फुटेज भी मिले, जिनसे आरोपियों के आने-जाने और हत्या के बाद की गतिविधियों का पता चला। शुरू में यह केस पुलिस के लिए चुनौती था, लेकिन तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से 22 दिनों में इसका सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया गया।

# नगर निगम मुख्यालय में महापौर ने तीसरी लिफ्ट का किया लोकार्पण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम मुख्यालय में सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में मंगलवार को नई लिफ्ट का लोकार्पण किया गया।

महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर लिफ्ट को जनता के लिए समर्पित किया। नगर निगम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक विभिन्न कार्यों हेतु आते हैं, जिनमें बुजुर्ग और महिलाएं शामिल रहती हैं।

अब तक उपलब्ध लिफ्टों पर अधिक भार होने के कारण नई लिफ्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नई लिफ्ट के शुरू होने से प्रथम तल से पंचम तल तक आने-जाने की व्यवस्था और अधिक सुचारू हो जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नजारत प्रभारी विपुल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बीएलओ की तत्परता पर पार्षद ने रात में संभाला मोर्चा

## कौशांबी बूथ 282 पर एसआईआर फॉर्म जमा करवाए

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी बूथ 282 पर बीएलओ सीपी त्रिपाठी ने कल रात 8 बजे फोन कर सूचित किया कि कई निवासी एसआईआर फॉर्म जमा नहीं कर रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद मनोज गोयल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर फॉर्म जमा करने में देरी कर रहे लोगों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और आवश्यक दस्तावेज तुरंत जमा करवाए। इस कार्य में समाजसेवी सुनील गांधी, मंजू शर्मा, नरेश नागलानी, विभा गुप्ता, प्रवीण शर्मा, अनिल शर्मा, संजय, अजय कुमार और रीना मिगलानी ने सहयोग दिया। पार्षद कुसुम गोयल ने बीएलओ के रात्रि कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की तत्परता से नागरिक सेवाओं में सुधार संभव है। बूथ 282 पर फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आगे भी सहयोग जारी रखने की आशा व्यक्त की गई है।



# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल साहिबाबाद कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## कार्यकारिणी का विस्तार और संगठन को गतिशील बनाने पर हुई चर्चा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा कॉलोनी स्थित संगम पार्क के मृदुल बैंक्विट हॉल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल साहिबाबाद कार्यसमिति की बैठक संपन्न। बैठक की शुरूआत ईश वंदना और संस्थापक स्वर्गीय श्याम बिहारी लाल मिश्रा को श्रद्धांजलि के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, मनोज कुमार, परमिंदर तोमर, पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और इंस्पेक्टर नरेश शर्मा उपस्थित रहे। सभी को माला, पटका और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार और संगठन को अधिक गतिशील बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। सर्वसम्मति से नीतीश पोसवाल को खोड़ा अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और माला पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष पति अमरपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय जैन, मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, साहिबाबाद अध्यक्ष राजकुमार सिंह राणा, अमित गर्ग, यतेंद्र कुमार, संजय अरोड़ा, राजवीर सिंह, संजीव गर्ग, मीनू कुमार, अमर सक्सेना, नितिन राणा, रवि गुप्ता, होतीलाल, आर.के. भार्गव, इरशाद खान, वीरेंद्र शर्मा, हर्ष भदोरिया, सुनीता, मंजू, महाराम, प्रेम पोसवाल, नरेंद्र पवार, गौरव छोकर आदि लोग मौजूद रहे।

# किशोरी को अगवा कर जबरन शादी का आरोप, केस दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मसूरी थानाक्षेत्र से किशोरी को अगवा कर उससे जबरन शादी करने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 24 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे आरडीसी में कोचिंग के लिए घर से निकली थी। घर से निकलने के करीब दस मिनट बाद बेटी को फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। परिवार ने पूरे दिन रिश्तेदारों और आसपास तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। महिला का कहना है कि उनकी बेटी अकसर मोदीनगर निवासी योगेश नाम के युवक का जिक्र करती थी। वह उसे अपना शिक्षक बताती थी। महिला के मुताबिक योगेश को फोन करने पर उसने साफ कहा कि उनकी बेटी उसके साथ है और उससे शादी कर ली है। उन्होंने नाबालिग होने का हवाला देते हुए बेटी को वापस भेजने को कहा तो योगेश ने जान से मारने की धमकी दे दी। आरोप है कि इसके बाद से उनकी बेटी और योगेश का मोबाइल बंद आने लगे। इसी बीच सिमरन बेटी का दूसरा नंबर सक्रिय हुआ, जिसके जरिए पता चला कि वह योगेश के पास ही है। महिला का आरोप है कि योगेश पिछले तीन वर्षों से उनकी नाबालिग बेटी का शोषण कर रहा है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत मिलते ही एक दिसंबर को योगेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।